आश्विन कृष्णा - 7 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 11 ▪ अंक - 74 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » शुक्रवार » 06-10-2023 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 दिल्ली शराब घोटाले का सरगना अब भी बाहर है और उसकी बारी भी आएगी : अनुराग ठाकुर

6 राजस्थान भाजपा में चल रही है बदलाव की बयार

7 9 साल पुराना झगड़ा खत्म करते हुए सलमान खान के घर पहुंचे अरिजीत सिंह



## फर्स्ट टेक

### संजय सिंह को 5 दिन की ईडी की रिमांड पर भेजा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को शराब घोटाले में ईडी ने बुधवार को गिरफ्तार किया था। रातभर उन्हें ईडी के हेडक्वार्टर में रखने के बाद दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया है। इस मामले में सुनवाई पूरी हो चुकी है। कोर्ट ने उन्हें 5 दिन की ईडी रिमांड पर भेज दिया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने ईडी से पूछा कि जब संजय सिंह के खिलाफ आपके पास पुख्ता सबूत थे, तो फिर गिरफ्तारी में इतना वक़्त क्यों लगाया? साथ ही पूछा कि पैसों के जिस लेनदेन की बात आप (ईडी) कर रहे हैं, तो मामला तो काफी पुराना है, फिर गिरफ्तारी में इतनी देरी क्यों? वहीं जब ईडी ने संजय सिंह की 10 दिन की कस्टडी मांगी तो कोर्ट ने ईडी से पूछा कि संजय सिंह का फोन आपके पास जब्त है, तो कस्टडी क्यों चाहिए?

### जम्मू-कश्मीर डेमोक्रेटिक फ्रीडम पार्टी को सरकार ने किया प्रतिबंधित

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्र ने बृहस्पतिवार को जेल में बंद अलगाववादी नेता शब्बीर अहमद शाह की जम्मू-कश्मीर डेमोक्रेटिक फ्रीडम पार्टी (जेकेडीएफपी) को ''भारत विरोधी'' और 'पाकिस्तान समर्थक' गतिविधियों के मद्देनजर पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है । एक आधिकारिक अधिसूचना में इसकी जानकारी दी गयी है। अधिसूचना में कहा गया है कि प्रतिबंध का आदेश गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत दिया गया। जम्मू-कश्मीर के प्रमुख अलगाववादी नेता शाह ने 1998 में इसकी स्थापना की थी । शाह की पार्टी जेकेडीएफपी हुर्रियत कॉन्फ्रेंस की एक घटक थी।

### नॉर्वे के लेखक जॉन फॉसे ने जीता साहित्य का नोबेल पुरस्कार

**स्टॉकहोम/एपी।** साहित्य में नोबेल पुरस्कार नॉर्वे के लेखक जॉन फॉसे को उनके अभिनव नाटकों और गद्य के लिए दिया गया है, जो अनकही को आवाज देते हैं। स्वीडिश अकादमी ने यह जानकारी दी। अकादमी के स्थायी सचिव मैट्स माल्म ने बृहस्पतिवार को स्टॉकहोम में पुरस्कार की घोषणा की। स्वीडिश आविष्कारक अल्फ्रेड नोबेल द्वारा छोड़ी गई वसीयत के तहत नोबेल पुरस्कारों में 1.1 करोड़ स्वीडिश क्रोनर (10 लाख डॉलर) का नकद पुरस्कार दिया जाता है। दिसंबर में आयोजित पुरस्कार समारोह में विजेताओं को 18 कैरेट का स्वर्ण पदक और डिप्लोमा भी प्रदान किया जाएगा। पिछले साल फ्रांसीसी लेखिका एनी एर्नाक्स ने यह पुरस्कार जीता था। एर्नाक्स 119 नोबेल साहित्य पुरस्कार विजेताओं में से सिर्फ 17वीं महिला थीं।

| 06-10-2023 | 07-10-2023 |
|---|---|
| सूर्यास्त 5:55 बजे | सूर्योदय 5:58 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 65,631.57 | 19,545.75 |
| (+405.53) | (+109.65) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 5,992 रु. | 76,000 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### ईडी खेल

कौन जमानत दे किसको,
सारे रिमांड पर चढ़े हुए।
कब्रों से मुर्दे जिन्न हुए,
जो थे चित्रों में मढ़े हुए।
ईडी हो या सीबीआई,
सबके सवाल हैं गढ़े हुए।
वे स्वयं अँगूठा दिखा रहे,
जो कानूनों को पढ़े हुए।।

## दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर भारत : वित्तमंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/वार्ता।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज कहा कि अभी भारत दुनिया की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था है और यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है।

श्रीमती सीतारमण ने श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के 97वें वार्षिक दिवस कार्यक्रम में कहा कि वर्ष 2013-14 में भारत दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी। अगले कुछ सालों में यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगी। उन्होंने कहा कि राजनीतिक स्थिरता और नीतियों में सुधार का लाभ मिल रहा है। सरकार की निर्णय लेने की क्षमता से भारतीय अर्थव्यवस्था का तेजी से विस्तार हो रहा है। इनके कारण भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में कोई बाधा नहीं है।

वित्त मंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान ना तो हमने विदेश से कर्ज लिया और ना ही जमकर पैसे छापे। जो लोग उस समय करेंसी छापने की वकालत कर रहे थे, वे लोग ही आज राजस्व घाटे पर सवाल उठा रहे हैं। आर्थिक चुनौतियों का उल्लेख करते हुये उन्होंने कहा कि इस समय फर्टिलाइजर, फूड और फ्यूल को लेकर पूरी तरह अनिश्चितता की स्थिति है। यह नहीं पता है कि अनाज की आपूर्ति काला सागर के रास्ते से होगी या फिर किसी और रास्ते से। यही हाल फर्टिलाइजर और फ्यूल मार्केट का है। यहां उतार चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है। पूरा वैश्विक सप्लाई चेन बिगड़ा हुआ है।

## आतंकवाद को इस तरह कुचलें कि कोई फिर से सिर न उठा पाये : शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/वार्ता।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि केन्द्र और राज्य की एजेंसियों ने पिछले नौ वर्षों में देश में आतंकवाद के सभी स्वरूपों पर मज़बूती से नकेल कसने में सफलता प्राप्त की है और एजेंसियों को ऐसा सख्त दृष्टिकोण अपनाना चाहिए जिससे कि देश में कोई नया आतंकी संगठन खड़ा ही न हो पाये। शाह ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) द्वारा गुरूवार को यहां आयोजित दो-दिवसीय आतंकवाद रोधी सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए यह बात कही।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि एनआईए के तत्वाधान में देश में एक आदर्श आतंकवाद रोधी तंत्र का गठन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी राज्यों में आतंकवाद रोधी एजेंसियों की वरीयता, ढांचा और जांच की मानक प्रक्रिया समान होनी चाहिए जिससे केंद्र और राज्य की एजेंसियों में बेहतर समन्वय हो सके। उन्होंने कहा कि सभी एजेन्सियों को ऐसा कठोर दृष्टिकोण अपनाना होगा जिससे कि नया आतंकी संगठन खड़ा ही न हो पाए।

शाह ने कहा कि जांच एजेन्सियों का काम सिर्फ जांच करना नहीं है, बल्कि इन्हें जांच के दायरे से बाहर निकलकर अलग सोच के साथ आतंकवाद पर प्रहार करने की दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में 'ग्लोबल से गांव' तक और देश के विभिन्न राज्यों से लेकर अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के साथ काम करने की ज़रूरत है। गृह मंत्री ने कहा , मोदी सरकार ने क्रिप्टो, हवाला, टेरर-फंडिंग, संगठित अपराध सिंडिकेट नार्को-टेरर जैसी सभी चुनौतियों पर सख्त रूख अपनाया है, जिसके बहुत अच्छे परिणाम मिले हैं, लेकिन अभी भी काफी कुछ करना बाकी है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद से निपटने के लिए केन्द्र और राज्यों, उनकी एजेंसियों तथा अंतर एजेन्सी सहयोग द्वारा अलग तरीकों से सोचना होगा। शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 5 वर्षों में कई 'डाटाबेस वर्टिकल्स' तैयार किए हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि केन्द्र और राज्य की सभी एजेंसियों को इनका बहुआयामी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के आधार पर उपयोग करना चाहिए, तभी हम आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सफल हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि डाटाबेस का इस्तेमाल जांच, अभियोजन, बचाव और कार्रवाई के लिए करना चाहिए।

## 'चीन की आक्रामकता उसके उदय के साथ और अधिक स्पष्ट हो गई है'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** चीन की आक्रामकता उसके उदय के साथ और अधिक स्पष्ट है और भारत को अपनी समग्र रणनीतिक गणना में इस पहलू को ध्यान में रखना होगा। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने बृहस्पतिवार को यह बात कही।

वैश्विक भू-राजनीतिक व्यवस्था में व्यवधानों पर चर्चा करते हुए, उन्होंने भारत के अपने दृष्टिकोण में रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया और कहा कि देश गुटनिरपेक्षता के अपने दृष्टिकोण से विश्व-मित्र के युग में आगे बढ़ रहा है।

पांचवें जनरल केवी कृष्ण राव स्मृति व्याख्यान देते हुए सीडीएस ने चीन के साथ उत्तरी सीमाओं पर भारत के प्रमुख विवाद का भी उल्लेख किया और सुझाव दिया कि नई दिल्ली को रणनीतिक स्वायत्तता का पत्ता चलना होगा। उन्होंने कहा, रणनीतिक स्वायत्तता आपके खतरों से निपटने के बजाय अवसरों का फायदा उठाने के लिए प्रासंगिक हो सकती है। भविष्य यहीं होना चाहिए। हमें अवसरों के बारे में अधिक सोचना चाहिए। उन्होंने कहा, यह सब जो मैंने कहा वह उत्तरी पड़ोसी के कारण थोड़ी चेतावनी के साथ आता है। इस रणनीतिक गणना में भारत को चीन के एक प्रमुख शक्ति के रूप में उभरने को भी ध्यान में रखना होगा।

सीडीएस ने कहा, चीन की आक्रामकता उसके उदय के साथ और अधिक स्पष्ट है। भारत का चीन के साथ उत्तरी सीमाओं पर बड़ा विवाद है और उसे रणनीतिक स्वायत्तता का कार्ड खेलना होगा...।

### नोट के बदले वोटः उच्चतम न्यायालय ने फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली/वार्ता।** उच्चतम न्यायालय ने नोट के बदले वोट मामले में 1998 के फैसले पर पुनर्विचार पर अपना फैसला गुरुवार को सुरक्षित रख लिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना, न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने झारखंड मुक्ति मोर्चा रिश्वत मामले के रूप में जाना जाने वाले इस मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। गौरतलब है कि शीर्ष अदालत के 1998 के फैसले में कहा गया था कि सांसदों और विधायकों को सदन में मतदान या भाषण देने के लिए रिश्वत लेने के मामले में अभियोजन से छूट प्राप्त है।

### सेंसर बोर्ड 'भ्रष्टाचार' मामला :

## अभिनेता विशाल के आरोपों पर सीबीआई ने दर्ज की प्राथमिकी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने अभिनेता विशाल द्वारा लगाए गए आरोपों पर तीन लोगों और केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) के अज्ञात अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। विशाल ने आरोप लगाया था कि उन्हें उनकी फिल्म 'मार्क एंटनी' के लिए प्रमाण पत्र प्राप्त करने के वास्ते 6.5 लाख रुपए का भुगतान करना पड़ा। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। प्राथमिकी में नामित आरोपी व्यक्तियों के परिसर सहित मुंबई में चार स्थानों पर छापेमारी के बाद यह कार्रवाई हुई है।

सीबीआई ने मर्लिन मेनगा, जीजा रामदास, राजन एम. और सीबीएफसी के एक अज्ञात लोक सेवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। विशाल ने बताया कि उनकी फिल्म को 24 घंटे के भीतर सीबीएफसी प्रमाण पत्र जारी करने की एवज में रिश्वत मांगी गई थी। 'मार्क एंटनी' 28 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जिसका निर्देशन अदिक रविचंद्रन ने किया है। भारत में फिल्मों की स्क्रीनिंग के लिए सीबीएफसी प्रमाणपत्र अनिवार्य है।

## अनुसंधान और विकास अत्यधिक महत्वपूर्ण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/वार्ता।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बिजली क्षेत्र में अनुसंधान और विकास को महत्वपूर्ण करार देते हुए कहा है कि बिजली क्षेत्र का भविष्य इसी पर निर्भर करेगा।

राष्ट्रपति ने गुरूवार को यहां राष्ट्रपति भवन में केन्द्रीय विद्युत इंजीनियरिंग सेवा के अधिकारियों से मुलाकात की और कहा कि भारत के नेट जीरो उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ऊर्जा दक्षता और नवीकरणीय ऊर्जा प्रमुख स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार, स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तनों में ऊर्जा दक्षता को 'पहला ईंधन' कहा जाता है। यह जलवायु परिवर्तन शमन के सबसे तीव्र और किफायती विकल्प उपलब्ध करता है। यह ऊर्जा बिल को भी कम करता है और ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ बनाता है। उन्होंने केंद्रीय विद्युत इंजीनियरिंग सेवा के अधिकारियों से ऊर्जा दक्षता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया, जिससे जलवायु परिवर्तन संबंधी लक्ष्यों को अर्जित करना सरल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि ऊर्जा परिवर्तन और ग्रिड एकीकरण की प्रक्रिया में उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है लेकिन उन्हें इन चुनौतियों से निपटने के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि बिजली क्षेत्र का भविष्य अनुसंधान और नवोन्मेषण में निहित है, चाहे वह ऊर्जा भंडारण, ग्रिड प्रबंधन या ऊर्जा उत्पादन के नए रूपों में ही क्यों न हो। उन्होंने उनसे बिजली क्षेत्र में अनुसंधान और विकास को महत्व देने का आग्रह किया ताकि भारत वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बना रहे। उन्होंने कहा कि ऊर्जा की मांग और खपत किसी देश की सामाजिक-आर्थिक प्रगति के संकेतकों में से एक है। इसलिए, जैसे-जैसे भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर आगे बढ़ेगा, बिजली की मांग और खपत निश्चित रूप से बढ़ेगी जो देश के विकास को और अधिक आगे बढायेगी।

राष्ट्रपति ने भारतीय व्यापार सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि व्यापार अर्थव्यवस्थाओं की रीढ़ है। यह निवेश को बढ़ावा देता है, रोजगार सृजित करता है, आर्थिक विकास को गति देता है और जीवन स्तर में सुधार लाता है।

## गुटेरेस ने स्वायत्त हथियार प्रणालियों पर प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



वाशिंगटन/वार्ता। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति (आईसीआरसी) के अध्यक्ष मिर्जाना स्पोलजारिक ने गुरुवार को नेताओं से मानवता की रक्षा के लिए स्वायत्त हथियार प्रणालियों के उपयोग को प्रतिबंधित करने के लिए नए अंतरराष्ट्रीय नियम स्थापित करने का आह्वान किया।

आज हम एक तत्काल मानवीय प्राथमिकता को संबोधित करने के लिए शामिल हो रहे हैं।

संयुक्त राष्ट्र और रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति (आईसीआरसी) ने राज्यों से स्वायत्त हथियार प्रणालियों पर विशिष्ट निषेध और प्रतिबंध स्थापित करने का आह्वान किया है, ताकि वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों को उनके उपयोग के परिणामों से बचाया जा सके।

संयुक्त राष्ट्र ने एक बयान में कहा, मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य में, स्पष्ट अंतरराष्ट्रीय लाल रेखाएं स्थापित करने से सभी राज्यों को लाभ होगा।

गुटेरेस और स्पोलजारिक ने विश्व नेताओं से स्वायत्त हथियार प्रणालियों पर स्पष्ट निषेध और प्रतिबंध स्थापित करने और 2026 तक ऐसी वार्ताओं को समाप्त करने के लिए एक नए कानूनी रूप से बाध्यकारी उपकरण की बातचीत शुरू करने का आह्वान किया।

बयान में कहा गया है, 'मानवीय भागीदारी के बिना लोगों की जान लेने की शक्ति और विवेक वाली मशीनों को अंतरराष्ट्रीय कानून द्वारा प्रतिबंधित किया जाना चाहिए।'

संयुक्त राष्ट्र ने यह भी कहा कि रोबोटिक्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी नई प्रौद्योगिकियों की बढ़ती उपलब्धता और पहुंच, जिन्हें इन प्रणालियों में एकीकृत किया जा सकता है। इन प्रौद्योगिकियों को विकसित करने वाले संगठनों के साथ-साथ वैज्ञानिकों और उद्योग जगत के नेताओं के बीच चिंताएं बढ़ा रही हैं।

### क्रिकेट विश्वकप का हुआ आगाज,

## पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को हराया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**अहमदाबाद/वार्ता।** न्यूजीलैंड ने गुरुवार को सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉन्वे 121 गेंदों में 152 रन और युवा रचिन रवींद्र के 96 गेंदों में 123 रनों धमाकेदार शतकीय पारी की बदौलत विश्व कप 2023 के शुरुआती मुकाबले में 36.2 ओवर में 283 रन बनाकर इंग्लैंड को नौ विकेट से करारी शिकस्त दी है। 283 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड ने दूसरे ओवर की पहली गेंद पर ही 10 रन के स्कार पर विल यंग (शून्य) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये रचिन रविंद्र ने ओपनर डेवन कॉन्वे के साथ 273 रनों की साझेदारी की बदौलत इंग्लैंड को 82 गेंदे शेष रहते एक विकेट पर 283 रन बनाकर इंग्लैंड को नौ विकेट से रहा दिया। यह दूसरे विकेट के लिए न्यूजीलैंड की ओर से सबसे बड़ी साझेदारी है। कॉन्वे और रवींद्र ने गप्टिल और विल यंग के 203 रनों की साझेदारी के रिकार्ड को तोड़ा है।

इस मुक़ाबले में इंग्लैंड की बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों कहीं से भी लय में नहीं दिखी। बल्लेबाजों ने अच्छी शुरुआत के बाद विकेट गंवाए तो गेंदबाज न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों पर कोई प्रभाव नहीं दिखा सके। कॉन्वे और रचिन ने उन पर मनचाहे ढंग से मैदान के चारों ओर शॉट खेले और अपनी बल्लेबाज़ी से दर्शकों का मन मोह लिया।

## पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की गाड़ी पर हमला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



लाहौर/भाषा। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष शहबाज शरीफ की गाड़ी पर गुस्साए लोगों के एक समूह ने हमला कर दिया और उन्हें अपशब्द कहे। यह घटना पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर में हुई है, जिसे कभी उनकी पार्टी का गढ़ माना जाता था। 'एक्सप्रेस न्यूज़' ने बृहस्पतिवार को खबर दी, बुधवार देर रात लाहौर में लोगों ने पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज़ की गाड़ी पर हमला कर दिया, खिड़की के शीशे को तोड़ दिया और उनके साथ दुर्व्यवहार किया।

इसमें कहा गया कि शहबाज आगामी चुनावों के सिलसिले में अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों से जुड़ने के मकसद से शहर का दौरा कर रहे थे, तभी भीड़ ने उनकी गाड़ी को रोक लिया और हमला कर दिया। घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। बृहस्पतिवार को शहबाज़ ने कहा कि उन्होंने उनकी गाड़ी रोकने वाले लोगों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की ।

# कमीशन नहीं मिलने पर भाजपा नेता ने आधा किलोमीटर तक खुदवा दी सड़क, मुख्यमंत्री ने दिखाई सख्ती





दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**शाहजहांपुर (उप्र)/भाषा।** शाहजहांपुर जिले में कटरा सीट से भाजपा विधायक वीर विक्रम सिंह के कथित प्रतिनिधि ने ठेकेदार के कमीशन नहीं देने पर उसके द्वारा बनवायी गई सड़क को आधा किलोमीटर तक खुदवा दिया, लेकिन इस घटना पर सख्त रुख अपनाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोषियों से ही नुकसान की भरपाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी समेत 20 अन्य लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

पुलिस अधीक्षक (एसपी) अशोक कुमार मीणा ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट के हवाले से बृहस्पतिवार को बताया कि जैतीपुर थाना क्षेत्र में जैतीपुर से नवादा होते हुए बदायूं जिले तक जाने वाले राजमार्ग का निर्माण कराया जा रहा है।

यह काम करा रही संस्था के प्रबंधक रमेश सिंह ने पिछली तीन अक्टूबर को इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि कटरा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक वीर विक्रम सिंह के प्रतिनिधि जगबीर सिंह ने दो अक्टूबर को अपने 10-15 साथियों के साथ सड़क बना रहे कर्मचारियों को लाठी-डंडों से पीटा और जेसीबी चलाकर बनी हुई सड़क को आधा किलोमीटर तक उखाड़ दिया।

उन्होंने बताया कि इस मामले में पिछली तीन अक्टूबर की रात आरोपी जगदीश समेत 20 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की कई टीम बनाकर आरोपियों की गिरफ्तारी की कोशिश की जा रही है।

राज्य सरकार के एक प्रवक्ता के मुताबिक मुख्यमंत्री ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए सड़क खोदने के दोषियों से ही उसकी भरपाई सुनिश्चित कराने के सख्त निर्देश दिए हैं।

कटरा क्षेत्र से विधायक वीर विक्रम सिंह ने इस मामले पर सफाई देते हुए कहा है कि जगवीर सिंह उनका प्रतिनिधि नहीं है। वह भाजपा का कार्यकर्ता जरूर है। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले से उनका कोई लेना-देना नहीं है।

सड़क निर्माण करा रही संस्था के प्रबंधक रमेश सिंह ने बताया कि आरोपी जगवीर सिंह खुद को विधायक का प्रतिनिधि बताता है और उसने घटना से पहले भी कई बार आकर कर्मचारियों को भयभीत कर पांच प्रतिशत कमीशन देने की मांग की थी।

कमीशन नहीं देने पर उसने कम्पनी द्वारा बनवायी गई सड़क को आधा किलोमीटर तक खुदवा दिया।

अपर जिलाधिकारी संजय कुमार पांडे ने बताया कि इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता से सारी जानकारी ली गई है और तिलहर के उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक टीम बनाई गई है जो पूरे मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद जरूरी कार्रवाई की जाएगी।



# अंतरात्मा की विशुद्धिकरण का साधन है प्रभु की भक्तिः आचार्य महेन्द्रसागरसूरी


दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

राणेबेन्नूरु। शहर के सुमतिनाथ जैन संघ में चातुर्मासार्थ विराजित आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी ने प्रवचन में कहा कि संसार में जितने कारण बंधन के लिए है, उतने ही कारण मुक्ति के भी है। अशुद्ध भावों के कारण ही राग, द्वेष, अमृत, विष आदि कर्मबंध और कर्मक्षय इत्यादि होते हैं। मन के विचारों के जिस रस से भावित किया जाए वैसी ही भावना बन जाती हैं। प्रेम भक्ति की शुरुआत होता है। भक्ति की लिए इष्ट का चयन किया जाता है।

व्यक्ति के संकल्प का रूप ही है। इच्छा शक्ति का संकल्प है, किसी से जुडने का संकल्प है, क्योंकि यह संकल्प सकारात्मक है। कुछ प्राप्त करना लक्ष्य नहीं है, देना लक्ष्य है। एकाकार लेकर स्वयं की छवि को प्रेमी में देखना लक्ष्य है। जहाँ देने के साथ लेना-देना जुड़ा हो, उसे ही व्यापार कहते हैं। जब तक संसार है प्रभु की भक्ति का महत्व रहेगा तब तक प्रभु भक्ति यानी जीवन की वसंत का उत्सव रहेगा।

अंतरात्मा की विशुद्धिकरण का साधन है प्रभु की भक्ति। जीवन की धारा को बदलने का उपाय है प्रभु भक्ति। सब धर्मों में सर्वाधिक महत्व है भक्ति का ही है।

# एसीबी अदालत ने चंद्रबाबू नायडू की न्यायिक हिरासत 19 अक्टूबर तक बढ़ाई



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अमरावती/भाषा।** अमरावती की एक स्थानीय अदालत ने कथित कौशल विकास निगम घोटाला में गिरफ्तार तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू की न्यायिक हिरासत बृहस्पतिवार को 19 अक्टूबर तक बढ़ा दी। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) अदालत ने तीसरी बार नायडू की न्यायिक हिरासत बढ़ाई है। अदालत ने नायडू की जमानत याचिका और आंध्र प्रदेश पुलिस सीआईडी की उनकी हिरासत की मांग वाली याचिका पर सुनवाई भी शुक्रवार के लिए टाल दी।

सीआईडी की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता पी सुधाकर रेड्डी ने पैरवी की, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री की ओर से उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता प्रमोद दुबे पैरवी कर रहे थे। सीआईडी नायडू से आगे की पूछताछ के लिए पांच दिन की पुलिस हिरासत की मांग कर रही है। पुलिस का कहना है कि 23 और 24 सितंबर को पहली दो दिवसीय हिरासत में पूछताछ के दौरान उन्होंने जांचकर्ताओं के साथ कथित तौर पर सहयोग नहीं किया था। नायडू को कौशल विकास निगम के धन में अनियमितता करने और राजकोष को करीब 300 करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचाने के आरोप में नौ सितंबर को गिरफ्तार किया गया था।

# 'संस्कारित' मध्यप्रदेश को अपनी छाया से दूर रखें प्रियंका गांधी : विजयवर्गीय



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इंदौर/भाषा।** कांग्रेस शासित राजस्थान में कानून-व्यवस्था के बिगड़ने का आरोप लगाते हुए भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने बृहस्पतिवार को मध्यप्रदेश के चुनावी दौरे पर आईं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी से अनुरोध किया कि वे संस्कारों वाले राज्य मध्य प्रदेश को अपनी छाया से बचा रहने दें। उन्होंने वाद्रा पर निशाना साधते हुए कहा कि वाद्रा को मध्यप्रदेश आने से पहले राजस्थान में दर्जी कन्हैयालाल के नृशंस हत्याकांड और महिलाओं से दुष्कर्म की बढ़ती घटनाओं पर बयान देना चाहिए था।

वाद्रा ने मध्यप्रदेश दौरे में आदिवासी बहुल धार जिले के मोहनखेड़ा में चुनावी सभा को संबोधित किया जिसमें उन्होंने सूबे में सत्तारूढ़ भाजपा को भ्रष्टाचार, महंगाई और अन्य मुद्दों पर घेरा।

विजयवर्गीय ने इंदौर में संवाददाताओं से कहा कि मोहनखेड़ा आने से पहले वाद्रा को कांग्रेस शासित राजस्थान में दर्जी कन्हैयालाल की नृशंस हत्या और महिलाओं से कथित रूप से सर्वाधिक बलात्कार की घटनाओं पर जवाब देना चाहिए था।

भाजपा महासचिव ने वाद्रा पर हमला बोलते हुए कहा, ''मध्यप्रदेश शांति का टापू है। आपसे निवेदन है कि इसे शांति का टापू बना रहने दीजिए। मध्यप्रदेश संस्कारों वाला प्रदेश है जहां महिलाओं का सम्मान होता है। कृपया इस राज्य को अपनी छाया से बचाएं।

विजयवर्गीय ने बुधवार (चार अक्टूबर) को एक कार्यक्रम में कहा था कि वह मध्यप्रदेश का आगामी विधानसभा चुनाव केवल विधायक बनने के लिए नहीं लड़ रहे हैं और भाजपा उन्हें 'कुछ और बड़ी' जिम्मेदारी देगी। इस बयान के बारे में पूछे जाने पर भाजपा महासचिव ने चुप्पी साध ली और वह बिना कोई जवाब दिए आगे बढ़ गए।




# तेयुप ने 70 रक्तदान शिविरों में 1397 यूनिट रक्त का किया संग्रह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद द्वारा निर्देशित एमबीडीडी रक्तदान के अमृत स्मरणोत्सव के तहत 1 अक्टूबर तक तेरापंथ युवक परिषद विजयनगर ने कॉरपोरेट, कंपनीज, व्यापारिक, औद्योगिक संगठनों के साथ मिलकर 70 रक्तदान शिविरों का आयोजन कर कुल 1397 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। विजयनगर के एमबीडी प्रभारी प्रवीण गन्ना ने बताया कि परिषद ने माचोहल्ली, काचोहल्ली, आंध्रेहल्ली, मागड़ी रोड, कामक्षीपाल्या, बोमासंद्रा, नागसंद्रा, सिग्गेहल्ली, तिगलरपाल्या आदि क्षेत्रों में आयोजित शिविरों में संयोजक विशाल दक, सह संयोजक संजय बाफना, महेंद्र सेठिया, सहमंत्री संजय भटेवरा, रौनक चोराडिया, कोषाध्यक्ष अशोक मारू, पंकज कोचर सहित विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों का सहयोग मिला।

# किसी भी राज्य के साथ एक बूंद भी पानी साझा नहीं किया जाएगा : मान



**चंडीगढ़/भाषा।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बृहस्पतिवार को कहा कि किसी भी अन्य राज्य के साथ किसी भी कीमत पर एक बूंद भी अतिरिक्त पानी साझा नहीं किया जाएगा। उन्होंने साथ ही बताया कि राज्य मंत्रिमंडल ने महाधिवक्ता (एजी) पद के लिए गुरमिंदर सिंह के नाम को मंजूरी दे दी है। मान ने यहां अपने आवास पर मंत्रिमंडल की एक आपात बैठक की अध्यक्षता करने के बाद यह बात कही।

बैठक का कोई आधिकारिक एजेंडा जारी नहीं किया गया लेकिन मंत्रिपरिषद ने सतलुज यमुना लिंक नहर मुद्दे पर चर्चा की। मान ने कहा कि मंत्रिमंडल बैठक में एजी पद के लिए गुरमिंदर सिंह के नाम को स्वीकृति दे दी गई। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, बैठक में एसवाईएल मुद्दे पर भी चर्चा की गई...किसी भी अन्य राज्य के साथ किसी भी कीमत पर एक बूंद भी अतिरिक्त पानी साझा नहीं किया जाएगा...जल्द ही राज्य विस के मानसून सत्र को बुलाए जाने पर भी चर्चा की गई...कई जन हितैषी फैसलों को भी मंजूरी दी गई। यह बैठक तब बुलायी गई है जब एक दिन पहले उच्चतम न्यायालय ने भाजपा नीत केंद्र सरकार से कहा कि वह पंजाब में जमीन के उस हिस्से का सर्वेक्षण करे जो राज्य में सतलुज-यमुना लिंक नहर के हिस्से के निर्माण के लिए आवंटित किया गया था।




# भारत, संयुक्त अरब अमीरात उद्योग, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बढ़ाएंगे सहयोग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अबू धाबी/भाषा।** भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने बृहस्पतिवार को उद्योग और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने को लेकर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते का उद्देश्य निवेश, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और उद्योगों में प्रमुख प्रौद्योगिकियों के उपयोग के माध्यम से दोनों देशों में उद्योगों को मजबूत और विकसित करना है।

समझौते पर भारतीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और संयुक्त अरब अमीरात के उद्योग और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी मंत्री सुल्तान अल जाबेर ने हस्ताक्षर किए। गोयल निवेश पर भारत-यूएई उच्चस्तरीय कार्यबल की 11वीं बैठक में भाग लेने यहां आए हैं।

समझौता ज्ञापन का उद्देश्य संस्थागत और कंपनियों के स्तर पर क्षमता को बढ़ाना और कौशल विकास करना भी है।

एमओयू के अनुसार, दोनों देश अपनी अर्थव्यवस्थाओं को गति और विविध रूप देने के लिए रणनीतिक हित से जुड़े क्षेत्रों में उद्योगों और प्रौद्योगिकियों के विकास में सहयोग करेंगे।

इस लक्ष्य को उद्योग और शैक्षणिक क्षेत्रों के बीच सहयोग, अनुसंधान और विकास परियोजनाओं में मिलकर काम करने, बेहतर गतिविधियों को साझा करने, मानकीकरण आदि के जरिये प्राप्त किया जाएगा।



# मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेनः गुजरात के वलसाड में पहली पर्वतीय सुरंग बनाने में मिली सफलता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** गुजरात के वलसाड में मुंबई-अहमदाबाद उच्च गति वाले रेल गलियारे यानी बुलेट ट्रेन के मार्ग में पहली पर्वतीय सुरंग बनाने में बृहस्पतिवार को कामयाबी मिल गई। नेशनल हाईस्पीड रेल कोरपोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) ने यह जानकारी दी है।

एनएचएसआरसीएल ने एक बयान में कहा कि 'नई आस्ट्रियाई सुरंग विधि' (एनएटीएम) के जरिए 10 महीने में इस सुरंग का निर्माण किया गया है जो गुजरात में वलसाड के उम्बेरगांव तालुका में जरोली गांव से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर है। उसने कहा, उसमें सुरंग, सुरंग द्वार, सुरंग प्रवेश छतरी जैसे अन्य संबंधित संरचनाएं हैं। 350 मीटर लंबी इस सुरंग का व्यास 12.6 मीटर और ऊंचाई 10.25 मीटर है। घोड़े के नाल आकार वाली इस सुरंग में दो उच्च रफ्तार ट्रेन ट्रैक होंगे।

मुंबई-अहमदाबाद उच्च रफ्तार रेल गलियारे में पहाड़ों से गुजरने वाली सात सुरंगें होंगी और उन सभी का निर्माण एनएटीएम के माध्यम से किया जाएगा।

उच्च रफ्तार वाले इस ट्रेन गलियारे में मुंबई में बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स और ठाणे जिले के शिल्पहटा के बीच 21 किलोमीटर लंबी सुरंग भी होगी जिसका सात किलोमीटर हिस्सा ठाणे क्रीक (खाड़ी) में होगा यानी कि यह समुद्र के नीचे से गुजरने वाली देश की पहली सुरंग होगी।

# विशेषज्ञों की राय, रेपो दर में बदलाव नहीं करेगा रिजर्व बैंक





दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बुधवार से शुरू हुई तीन दिन की द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा बैठक के बीच विशेषज्ञों ने उम्मीद जताई है कि मुद्रास्फीति और अन्य वैश्विक कारकों के बीच केंद्रीय बैंक नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर ही कायम रख सकता है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास की अगुवाई वाली एमपीसी बैठक के निर्णय की घोषणा शुक्रवार सुबह होगी।

क्रिसिल के मुख्य अर्थशास्त्री डी के जोशी ने पीटीआई-भाषा से कहा, मुझे लगता है कि अगस्त में पिछली एमपीसी बैठक और इस समय के बीच मुद्रास्फीति बढ़ गई है, वृद्धि मजबूत बनी हुई है, जबकि वैश्विक कारक इस अर्थ में थोड़े प्रतिकूल हो गए हैं कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व अब भी अपने रुख में आक्रामक है। ऐसे में आरबीआई द्वारा नीतिगत दर को यथावत रखने की उम्मीद है। आरबीआई वृद्धि की मजबूती देखते हुए मुद्रास्फीति पर ध्यान बढ़ाएगा। कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव पर सावधानी से नजर बनाए रखने की जरूरत है। बंधन बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री सिद्धार्थ सान्याल ने कहा, वृद्धि को लेकर अनिश्चितताओं के कारण वैश्विक व्यापक आर्थिक परिदृश्य जटिल बना हुआ है। यह एमपीसी को सतर्क रहने के लिए प्रेरित करेगा, और दरों के लंबे समय तक ऊंचे बने रहने की संभावना है। क्रेडिटवाइज कैपिटल के संस्थापक और निदेशक आलेश अवलानी ने कहा, अगस्त बाद से कृषि वस्तुओं की कीमतों में नरमी ने एमपीसी को कुछ राहत दी है, जिससे फिलहाल रेपो दर में और बढ़ोतरी की संभावना नहीं है। टीटागढ़ रेल सिस्टम्स के वाइस चेयरमैन और प्रबंध निदेशक उमेश चौधरी ने कहा, सरकार की नीतियों और पूंजीगत व्यय ने निश्चित रूप से बुनियादी ढांचा क्षेत्र की वृद्धि को बढ़ावा दिया है।

# एआई के इस्तेमाल से सड़क दुर्घटनाओं में लाई जा सकती है कमी : विशेषज्ञ



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** सड़क सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि कृत्रिम मेधा (एआई) के इस्तेमाल और इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम (आईटीएस) की स्थापना से यातायात को सुगम कर भीड़भाड़ को प्रबंधित करने से सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है।

इंटरनेशनल रोड फेडरेशन (आईआरएफ) की भारतीय इकाई द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्टार्टअप नेट्राडाइन के वरिष्ठ निदेशक अमित कुमार ने कहा कि अधिक गति और बैटरियों के अतिरिक्त भार के कारण सड़कों पर ई-वाहन पारंपरिक कारों की तुलना में अधिक असुरक्षित हैं।

नेट्राडाइन एक स्टार्टअप है जो चालक की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल करती है।

कुमार ने कहा, कृत्रिम मेधा चालक के व्यवहार पर नजर रखने...उसके थक जाने या व्याकुल होने, सही तरीके से वाहन न चलाने के संकेतों का पता लगाने और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए चेतावनी देने के साथ ही वाहन पर नियंत्रण रखने में मदद कर सकती है।

कुमार ने कहा कि एआई दुर्घटना से जुड़े आंकड़ों के बेहतर संग्रह तथा विश्लेषण, सड़क बुनियादी ढांचे को बेहतर करने और दुर्घटना के बाद प्रतिक्रिया की दक्षता बढ़ाने में भी मदद कर सकती है। आईआरएफ के मानद अध्यक्ष के. के. कपिला ने कहा कि विकासशील देशों द्वारा एआई सहित अपनाई जाने वाली नई प्रौद्योगिकियों के लाभ से डिजिटल और सड़क सुरक्षा के बीच की दूरी को पाटने में मदद मिलेगी।

अर्काडिस आईबीआई के निदेशक वी. एस. चुंदुरु ने कहा कि सड़क परिवहन, यातायात प्रबंधन सहित कई स्थितियों में परिवहन की दक्षता और सुरक्षा में सुधार के लिए आईटीएस का इस्तेमान किया जाना चाहिए।

# महिला आरक्षण विधेयक का क्या मतलब अगर इसे तुरंत लागू नहीं कर सकते : प्रियंका गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**धार (मध्य प्रदेश)/भाषा।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार महिलाओं के साथ 'मजाक' कर रही है क्योंकि विधानमंडलों में उनके लिए सीटें आरक्षित करने वाला नया कानून 10 साल तक लागू नहीं किया जा सकता है। चुनावी राज्य मध्य प्रदेश के धार जिले के मोहनखेड़ा में बृहस्पतिवार को एक जनसभा में बोलते हुए उन्होंने पूछा कि अगर महिला आरक्षण तुरंत लागू नहीं किया जा सकता तो सरकार इस स्तर पर विधेयक क्यों लायी।

गांधी ने कहा, भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार महिला आरक्षण विधेयक लेकर आई....हम सभी विपक्षी दलों ने भी इसका समर्थन किया। फिर पता चला कि इसे 10 साल तक लागू नहीं किया जाएगा, उससे पहले जनगणना कराई जाएगी और परिसीमन होगा। तो फिर इस घोषणा का मतलब क्या था?...आप महिलाओं को मजाक समझ रहे हैं? कांग्रेस नेता ने बताया कि सरकार को नए अधिनियम (जो लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीट आरक्षित करता है) को लागू करने से पहले परिसीमन करना होगा और इसमें 10 साल लगेंगे। गांधी ने आगे कहा कि अगर सभी को समान अधिकार है तो जाति आधारित जनगणना क्यों नहीं कराई जा रही?

# सामाजिक सुधारों के मामले में वल्लालर समय से काफी आगे थे : प्रधानमंत्री मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को संत रामलिंगा वल्लालर की प्रशंसा करते हुए कहा कि जब सामाजिक सुधारों की बात आती है तो वह समय से काफी आगे थे। उन्होंने विश्वास जताया कि संसद द्वारा हाल ही में पारित महिला आरक्षण विधेयक को उन्होंने भी 'आशीर्वाद' दिया होगा।

रामलिंगा स्वामी की 200वीं जयंती के अवसर पर यहां आयोजित एक समारोह को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि वल्लालर जीवन जीने के ऐसे तरीके में विश्वास करते थे जहां मनुष्यों के प्रति करुणा प्राथमिक हो। इस अवसर पर राज्यपाल आर एन रवि ने यहां राजभवन परिसर में वल्ललर की प्रतिमा का अनावरण किया। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन का प्रसारण किया गया।

उन्होंने कहा, सामाजिक सुधारों के मामले में वल्लालर समय से काफी आगे थे। ईश्वर के बारे में वल्लालर की दृष्टि धर्म, जाति और पंथ की बाधाओं से परे थी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, उन्होंने ब्रह्मांड के प्रत्येक परमाणु में दिव्यता देखी। उन्होंने मानवता से इस दिव्य संबंध को पहचानने और संजोने का आग्रह किया। उनकी शिक्षाओं का उद्देश्य एक समान समाज के लिए काम करना था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' में उनका विश्वास तब और मजबूत हो जाता है जब वह वल्लालर को श्रद्धांजलि दे रहे होते हैं क्योंकि उनकी शिक्षाओं का उद्देश्य समानता वाले समाज के लिए काम करना था।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वल्लालर ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पारित होने पर आशीर्वाद दिया होगा, जो लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित करता है। वल्लालर की रचनाओं को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वे पढ़ने और समझने में आसान हैं और जटिल आध्यात्मिक ज्ञान को सरल शब्दों में व्यक्त करते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि समय और स्थान पर भारत के सांस्कृतिक ज्ञान में विविधता महान संतों की शिक्षाओं के साझा धागे से जुड़ी हुई है, जो 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के सामूहिक विचार को ताकत देती है।

मोदी ने वल्लार के आदर्शों को पूरा करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और सभी से उनके प्रेम, दया और न्याय के संदेश को फैलाने का आग्रह किया। केंद्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन ने यहां राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

# रियलिटी शो स्टार शियास करीम को दुष्कर्म और धोखाधड़ी के मामले में चेन्नई हवाई अड्डे पर पकड़ा गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई/ कासरगोड।** लोकप्रिय रियलिटी शो स्टार और मॉडल शियास करीम को केरल में दर्ज दुष्कर्म और धोखाधड़ी के एक मामले में बृहस्पतिवार सुबह चेन्नई हवाई अड्डे पर पकड़ लिया गया। राज्य पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि केरल पुलिस ने करीम के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया हुआ था। गुरुवार को सुबह जैसे ही वह दुबई से लौटा तो हवाई अड्डे पर सुरक्षाकर्मियों ने उसे पकड़ लिया।

पुलिस ने बताया कि प्राप्त जानकारी के अनुसार करीम को हिरासत में लेने के लिए एक टीम चेन्नई के लिए रवाना होगी। करीम द्वारा कोच्चि में अपने जिम में नियुक्त की गई एक महिला प्रशिक्षक की शिकायत के आधार पर चंदेरा पुलिस ने दुष्कर्म और धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया, हम करीम को हिरासत में लेने के लिए जल्द ही चेन्नई के लिए रवाना होंगे। यहां लाने के बाद उसकी गिरफ्तारी दर्ज की जाएगी। पुलिस ने बताया कि कासरगोड निवासी महिला ने करीम पर आरोप लगाया था कि 2021 से उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया गया और यौन रूप से प्रताड़ित किया गया। शिकायत में महिला ने सलीम पर 11 लाख रुपये की देनदारी होने और मारपीट करने का भी आरोप लगाया था।



# आयकर अधिकारियों ने द्रमुक सांसद जगतरक्षकन से जुड़े परिसरों की तलाशी ली, स्टालिन ने की निंदा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** आयकर अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यहां द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सांसद एस जगतरक्षकन से जुड़े कई स्थानों पर तलाशी ली जिसे मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने प्रतिशोध की राजनीति बताया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कुछ शैक्षणिक संस्थानों सहित कई स्थानों पर तलाशी ली गई।

इस कार्रवाई की निंदा करते हुए सत्तारूढ़ द्रमुक के अध्यक्ष स्टालिन ने कहा कि यह ताकत का गलत उपयोग है। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, 'केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार की प्रतिशोध की राजनीति की कोई सीमा नहीं है!' उन्होंने कहा, 'आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार करना और द्रमुक सांसद जगतरक्षकन के घर पर छापा मारना सीधे तौर पर विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेताओं के खिलाफ राजनीतिक उद्देश्यों के लिए स्वतंत्र जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के स्पष्ट उदाहरण है।'

मुख्यमंत्री के अनुसार, 'विपक्षी नेताओं का इस तरह से जानबूझकर उत्पीड़न करना लोकतंत्र पर हमला है। भाजपा आसानी से भूल जाती है कि उच्चतम न्यायालय ने अभी-अभी प्रवर्तन निदेशालय को पारदर्शी और निष्पक्ष रहने की चेतावनी दी है। वहीं, ऐसा प्रतीत होता है कि भाजपा कानून के शासन और लोकतंत्र की अवहेलना करने पर तुली हुई है।' उन्होंने कहा, 'भाजपा साफ तौर पर विपक्षी दलों के बीच बढ़ती एकजुटता से डरी हुई है। अब समय आ गया है कि वे इस तरह लोगों को निशाना बनाना बंद करें और वास्तविक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करें। जगतरक्षकन लोकसभा में अरक्कोणम का प्रतिनिधित्व करते हैं।

# भारी बारिश के चलते कुछ ट्रेनें हुई रद्द



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** दक्षिण पूर्व रेलवे ने खड़गपुर डिवीजन में बालासोर-हल्दीपाड़ा खंड में भारी बारिश के बाद बैंक स्लिप के कारण ट्रेन सेवाओं के पैटर्न में बदलाव को अधिसूचित किया है। विज्ञप्ति के अनुसार ट्रेन नंबर 12864 एसएमवीटी बेंगलूरु- हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस (जोलारपेट्टई, काटपाडी के माध्यम से) 6 अक्टूबर को 10.35 बजे एसएमवीटी बेंगलूरु से छूटती है, पूरी तरह से रद्द कर दी गई है। ट्रेन नंबर 12842 डॉ एमजीआर चेन्नई सेंट्रल-शालीमार कोरोमंडल एक्सप्रेस 6 अक्टूबर को सुबह 7 बजे डॉ एमजीआर चेन्नई सेंट्रल से छूटने वाली ट्रेन पूरी तरह से रद्द कर दी गई है। ट्रेन नंबर 12659 नागरकोइल - शालीमार साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस 8 अक्टूबर को 14.45 बजे नागरकोइल से छूटने वाली पूरी तरह से रद्द कर दी गई है।

वहीं ट्रेन नंबर 12503 एसएमवीटी बेंगलूरु - अगरतला हमसफर एक्सप्रेस (काटपाडी, पेरंबूर के माध्यम से) जो 03 अक्टूबर को 10.15 बजे एसएमवीटी बेंगलूरु से रवाना हुई थी, उसे जखापुरा, जारोली, राजखरसावां, आसनबोनी और भट्टा नगर के रास्ते चलाने के लिए डायवर्ट किया गया है।

# 'स्टार्टअप की सफलता के लिए कामकाज का बेहतर संचालन रणनीतिक जरूरत'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बेंगलूरु।** सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी इन्फोसिस लिमिटेड के सह-संस्थापक एवं चेयरमैन नंदन एम. नीलेकणि ने कहा है कि कामकाज का बेहतर संचालन केवल अनुपालन का मामला नहीं है, बल्कि यह स्टार्टअप की गतिशील दुनिया में स्थायी सफलता के लिए एक रणनीतिक अनिवार्यता है। एंडिया पार्टनर्स एंड क्वैपिटा द्वारा स्टार्टअप इंडिया के साथ साझेदारी के तहत प्रशासन पर आयोजित एक स्टार्टअप कॉन्क्लेव में नीलेकणि ने स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के भीतर कामकाज के संचालन की महत्वपूर्ण भूमिका पर अपने विचार रखे।

नीलेकणि ने कहा कि स्टार्टअप संस्थापकों के लिए कामकाज के संचालन की प्रासंगिकता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इसे अक्सर एक गैर-वित्तीय पहलू के रूप में देखा जाता है, लेकिन वित्तीय प्रदर्शन पर सीधा तथा पर्याप्त प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि कामकाज के जिम्मेदार संचालन की जरूरत बढ़ रही है और पिछले दशक में इसको लेकर निवेशकों की मांग बढ़ी है। नीलेकणि ने परिचालन में पारदर्शिता का जिक्र करते हुए कहा कि इससे न केवल भरोसा बढ़ता है, बल्कि ब्रांड मूल्य में भी इजाफा होता है। सिर्फ व्यक्तिगत कंपनियों ही नहीं बल्कि पूरे देश और उद्योग के लिए ऐसा ही है।

# सुपरस्टार थलापति विजय की फिल्म लियो का ट्रेलर रिलीज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/मुम्बई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार थलापति विजय की आने वाली फिल्म लियो का ट्रेलर रिलीज हो गया है।

फिल्म लियो तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और हिंदी भाषा में रिलीज होने वाली है। थलपित विजय और तृषा कृष्णन के इस फिल्म में बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त भी खास रोल में हैं।

इस फिल्म में वह विलेन के रोल में हैं। थलपति विजय का किरदार काफी असरदार है। वह काफी खतरनाक अवतार में नजर आ रहे हैं। यह फिल्म 19 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

बैठक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई में बुधवार को बीजेपी के प्रदेश कार्यकरणी बैठक यहां के एक निजी कल्याण मंडप में आयोजित की गई। इस बैठक में बीजेपी प्रदेश महा मंत्री केशव विनायगम, प्रदेश अध्यक्ष अनामल्लाई, पूर्व केन्द्रीय मंत्री पौन राधा कृष्णन, एच राजा और भाजपा की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष वनाति श्रीनिवासन और अन्य ने भाग लिया।

# ईडी ने कर्नाटक में डीसीसी बैंक के अध्यक्ष, कांग्रेस नेता के आवासों पर छापेमारी की

**शिवमोग्गा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिवमोग्गा डीसीसी बैंक के अध्यक्ष और कांग्रेस नेता आरएम मंजूनाथ गौड़ा के आवास और फार्म हाउस पर छापेमारी की। सूत्रों ने बताया, 'वर्ष 2014 में सामने आए नकली सोना गिरवी रखने के मामले में शिवमोग्गा और तीर्थहल्ली में मंजूनाथ गौड़ा के आवासों पर छापेमारी की गई।' तीर्थहल्ली में उनके दो घरों और शिवमोग्गा के शरवती नगर में एक घर पर एक साथ छापेमारी की गई। 15 अधिकारियों की एक टीम छापेमारी कर रही है। नकली सोना गिरवी रखने का घोटाला 2012 और 2014 के बीच डीसीसी बैंक की शिवमोग्गा शहर इकाई में किया गया था। अधिकारियों ने तत्कालीन अध्यक्ष गौड़ा, उपाध्यक्ष, शाखा प्रबंधक और महाप्रबंधक को गिरफ्तार कर लिया था।

# येलो लाइन के लिए 2 ट्रेनबॉडी की डिलीवरी 2 महीने में पहले देने पर चीनी ठेकेदार सहमत

## तेजस्वी सूर्या ने कहा कि समय पर सकेगा संचालन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com





**बेंगलूरु।** बेंगलूरु दक्षिण के सांसद तेजस्वी सूर्या ने नम्मा मेट्रो के लिए कोचों के आपूर्तिकर्ता चाइना रेलवे रोलिंग स्टॉक (सीआरआरसी) से येलो लाइन के शीघ्र पूरा होने के लिए 2 अतिरिक्त रेक के लिए ट्रेन कार बॉडी जारी करने का आग्रह किया। सूर्या ने बुधवार को येलो लाइन (आरवी रोड - बोम्मसंद्रा लाइन) का निरीक्षण किया और महानगरों के लिए रोलिंग स्टॉक के साथ आपूर्ति के मुद्दों के बारे में जाना। जिससे येलो लाइन की फरवरी 2024 की समय सीमा को पूरा किया जा सकेगा।

इसके अनुसरण में, उन्होंने गुरुवार को बीएमआरसीएल के एमडी अंजुम परवेज, टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड के एमडी उमेश चौधरी और सीआरआरसी के अधिकारियों के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस की। वीडियो कान्फ्रेंस के दौरान सीआरआरसी ने पुष्टि की कि वह इस महीने मेट्रो ट्रेनों के लिए दो कार बॉडी की आपूर्ति कर रहा है जो नवंबर तक बेंगलूरु पहुंच जाएगी। जबकि सीआरआरसी के एक प्रतिनिधि ने कहा कि कंपनी को 2 अतिरिक्त कार बॉडी की आपूर्ति के लिए अधिक समय की आवश्यकता होगी। सूर्या ने हस्तक्षेप किया और उनसे नवंबर के अंत तक इसकी आपूर्ति करने का अनुरोध किया।

4 अक्टूबर को येलो लाइन का निरीक्षण करने वाले बेंगलूरु दक्षिण सांसद तेजस्वी सूर्या ने टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड को यह भी आश्वासन दिया कि वह केंद्र से परियोजना में सहायता करने वाले चीनी इंजीनियरों के लिए अपेक्षित वीजा और सरकारी मंजूरी प्रदान करने का अनुरोध करेंगे। सीआरआरसी नानजिंग पुज़ेन कंपनी लिमिटेड को 2019 में 216 कोचों की आपूर्ति का ठेका दिया गया था। उनके घरेलू उत्पादन भागीदार टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड 757 कोचों का निर्माण कर रहे हैं।

सांसद सूर्या के हस्तक्षेप से बीएमआरसीएल को फरवरी 2024 तक येलो लाइन को चालू करने की समय सीमा को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। आरवी रोड से बोम्मासंद्रा तक येलो लाइन का लगभग 95 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है, अब सबसे बड़ी प्राथमिकता रेक प्राप्त करना है और ट्रायल रन करना और लाइन को चालू करना है। सांसद ने कहा कि इसके लिए, श्री नरेंद्र के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार मोदी मेट्रो चलाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने को तैयार हैं। चाहे चीनी इंजीनियरों को तकनीकी सहायता देने के लिए वीजा देना हो या सभी सुरक्षा जांचों के बाद मंजूरी प्रदान करना हो, केंद्र येलो लाइन को जल्द ही जनता के लिए खोलने के लिए उत्सुक है।




# नोकिया ने बेंगलूरु स्थापित किया अपना पहला 6जी अनुसंधान विकास केंद्र

**बेंगलूरु/नई दिल्ली।** नोकिया ने गुरुवार को घोषणा की उसने बेंगलूरु में अपना वैश्विक अनुसंधान एवं विकास केंद्र (आर एंड डी सेंटर) में 6जी लैब स्थापित किया है। इस प्रयोगशाला का उद्घाटन रेल, दूरसंचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया। वैष्णव ने कहा, आज बेंगलूरु में नोकिया 6जी अनुसंधान प्रयोगशाला का उद्घाटन भारत को नवाचार का केंद्र बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

कंपनी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि यह अपनी तरह की पहली परियोजना है और इसका लक्ष्य 6जी तकनीक पर आधारित मौलिक प्रौद्योगिकियों और नवीन उपयोग के मामलों के विकास में तेजी लाना है। नोकिया के मुख्य रणनीति और प्रौद्योगिकी अधिकारी निशांत बत्रा ने कहा, नोकिया भारत सरकार के 'भारत 6जी विजन' को साकार करने में योगदान देने के लिए सम्मानित महसूस कर रहा है। कंपनी का कहना है कि नोकिया का यह 6जी आरएंडडी केंद्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार के 'भारत 6जी विजन' में सहायक होगी। इस केंद्र के माध्यम से 6जी तकनीक के मानकीकरण, विकास और कार्यान्वयन में भारत एक महत्वपूर्ण वैश्विक भूमिका की कल्पना की गयी है।

इस केंद्र ब में 'नेटवर्क एज़ ए सेंसर' तकनीक पर शोध करने की व्यवस्था की गयी है जो नेटवर्क को ऑन-बोर्ड सेंसर की आवश्यकता के बिना वस्तुओं, लोगों और गतिविधियों को समझने में सक्षम बनाता है।




# इसरो ने गगनयान मिशन की तैयारी तेज की, इस महीने के आखिर में 'क्रू एस्केप सिस्टम' का परीक्षण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो)इस महीने के अंत में परीक्षण के लिए विकसित यान से अंतरिक्ष यात्रियों को निकालने की प्रणाली 'क्रू एस्केप सिस्टम' का परीक्षण करने की योजना बना रहा है। यह परीक्षण भारत द्वारा अंतरिक्ष में मानव मिशन भेजने की महत्वकांक्षी योजना का हिस्सा है।

विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) के निदेशक एस उन्नीकृष्णन नायर ने बृहस्पतिवार को पीटीआई-भाषा' को बताया, तैयारियां चल रही हैं। यान प्रणाली के सभी हिस्से (प्रक्षेपण के लिए)श्री हरिकोटा पहुंच गये हैं। उन्हें जोड़ने का काम जारी है। हम अक्टूबर महीने के अंत में इसे प्रक्षेपित करने के लिए तैयार हैं। अंतरिक्ष विभाग के अधीन इसरो का वीएसएससी प्रमुख केंद्र है और तिरुवनंतपुरम में स्थित है।

नायर ने बताया, इस क्रू एस्केप सिस्टम के साथ हम उच्च दबाव और ट्रांससोनिक स्थितियों' जैसी विभिन्न परिस्थितियों का परीक्षण करेंगे।

इसरो अधिकारी ने बताया कि क्रू एस्केप सिस्टम (सीईएस) गगनयान का अहम तत्व है। इसरो अधिकारियों के मुताबिक इस महीने परीक्षण यान टीवी-डी1 का परीक्षण किया जाएगा जो गगनयान कार्यक्रम के तहत चार परीक्षण मिशन में से एक है। इसके बाद दूसरे परीक्षण यान टीवी-डी2 और पहले मानव रहित गगनयान (एलवीएम3-जी1) का परीक्षण किया जाएगा।

दूसरे चरण के तहत परीक्षण यान मिशन (टीवी-डी3 और डी4) और एलवीएम3-जी2 को रोबोटिक पेलोड के साथ भेजने की योजना है।





# भाजपा का विरोध करते-करते भारत का विरोध करने लगी कांग्रेस : मोदी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जोधपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का विरोध करते हुए भारत का ही विरोध करने लगी है। मोदी ने कहा कि आज पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है लेकिन कांग्रेस को इससे दिक्कत हो रही है। इसके साथ ही मोदी ने पेपर लीक, महिलाओं पर अत्याचार तथा 'लाल डायरी' जैसे मुद्दों को लेकर राज्य की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस ने भ्रष्टाचार व दंगों के मामलों में राजस्थान को देश में 'टॉप' पर पहुंचा दिया है।

मोदी जोधपुर के रावण का चबूतरा मैदान में चुनाव सभा को संबोधित कर रहे थे। राज्य में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं। उन्होंने कहा,कांग्रेस के साथ एक दिक्कत हो गई है कि वह भाजपा का विरोध करते-करते भारत का विरोध करने लग गई है। आज पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है, उसकी वाह-वाह हो रही है लेकिन कांग्रेस को इसमें दिक्कत हो रही है।' उन्होंने कहा कि आज अमेरिका से लेकर सिंगापुर व जापान तक में भारत का डंका बज रहा है लेकिन कांग्रेस वालों को यह अच्छा नहीं लगता। उनको दुख होता है।

मोदी ने कहा,भाजपा सरकार ने भारत को दसवें नंबर से पांचवें नंबर की आर्थिक ताकत बना दिया है लेकिन कांग्रेस को इससे भी परेशानी है। लेकिन यह मोदी की गारंटी है, देख लेना कुछ ही वर्षों में मोदी देश को दसवें नंबर से पहले तीन में पहुंचाकर रहेगा। राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने भ्रष्टाचार व दंगों के मामलों में राजस्थान को देश में 'टॉप' पर पहुंचा दिया है।

उन्होंने कहा, केंद्र की भाजपा की सरकार अपनी तरफ से राजस्थान के विकास के लिये हर कोशिश कर रही है लेकिन यहां की स्थिति देखकर बहुत दुख होता है। पांच साल में कांग्रेस के कुशासन ने क्या हाल कर दिया.. कांग्रेस ने भ्रष्टाचार और दंगों के मामले में राजस्थान को देश में टॉप पर पहुंचा दिया। महिलाओं और दलितों के विरुद्ध अत्याचार के मामले में राजस्थान को नंबर एक बना दिया है। उन्होंने कहा कि पांच साल में यहां की कांग्रेस सरकार एक कदम भी नहीं चली बल्कि यहां चौबीसों घंटे कुर्सी का ही खेल चलता रहा।

कथित 'लाल डायरी' का जिक्र करते हुए मोदी ने जनता से सवालिया अंदाज में कहा,लोग कहते हैं कि लाल डायरी में कांग्रेस के करप्शन की हर काली करतूत है।

लाल डायरी के काले राज खुलने चाहिए कि नहीं खुलने चाहिए? सब खुलकर बाहर आना चाहिए कि नहीं? उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार को राजस्थान के हित से ज्यादा अपना वोट बैंक प्यारा है। कांग्रेस को राजस्थान की महिलाओं की किसी तकलीफ से कोई लेना देना नहीं। कांग्रेस के पेपर लीक माफिया के हाथों यहां के लाखों युवाओं का भविष्य बर्बाद होने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राजस्थान का युवा इंसाफ मांग रहा है। उन्होंने कहा,चुनाव के समय बेरोजगारी भत्ते का वादा करने वाली कांग्रेस ने यहां के युवाओं को पेपर लीक माफिया के हवाले कर दिया.. ऐसे हर पेपर लीक माफिया के खिलाफ भाजपा सरकार सख्त से सख्त कार्रवाई करेगी। उन्होंने जनता से कहा, आप याद रखियेगा 'भाजपा आयेगी राजस्थान में रोजगार लायेगी। भाजपा आएगी राजस्थान पेपर माफिया को मिटायेगी।

प्रधानमंत्री ने साथ ही कहा कि भाजपा का संकल्प राजस्थान को पर्यटन में नंबर वन राज्य बनाने का है और इसके लिए हम राजस्थान के कोने-कोने में विकास को पहुंचा कर रहेंगे। मोदी ने कहा कि आजादी के अमृत काल में देश का मिजाज सर्वश्रेष्ठ करने का, सबसे बेहतर करने का बन गया है। उन्होंने कहा कि भारत जिस स्केल पर काम कर रहा है उसकी पहले कोई कल्पना ही नहीं कर सकता था। भारत ने अपना चंद्रयान चंद्रमा के उस हिस्से पर उतारा है जहां पहले कोई नहीं पहुंचा।

उन्होंने कहा,राष्ट्रीय संकल्पों से खुद को जोड़ने की अभिलाषा हम भारतीयों को हर लक्ष्य तक लेकर जाएगी। हम आत्मनिर्भर बनने के लिए, विकसित बनने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। 'वोकल फोर लोकल भी आज हर देशवासी की जीवन शैली का हिस्सा बन गया है। जनसभा में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी सहित अन्य नेता मौजूद थे। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक अन्य कार्यक्रम में राजस्थान में लगभग 5,000 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया।



## प्रधानमंत्री मोदी ने राजस्थान में 5000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया

जोधपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को राजस्थान में लगभग 5,000 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया और कहा कि भारत सरकार आज राज्य में रेल, सड़क समेत हर क्षेत्र में तेज गति से काम कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा,ये जरूरी है कि भारत के गौरवशाली अतीत का प्रतिनिधित्व करने वाला राजस्थान भारत के भविष्य का भी प्रतिनिधित्व करे। ये तभी होगा जब मेवाड़ से लेकर मारवाड़ तक पूरा राजस्थान विकास की बुलंदियों को छुए, यहां आधुनिक बुनियादी ढांचे का निर्माण हो। यह समारोह जोधपुर शहर में आयोजित किया गया जहां मोदी ने रिमोट बटन दबाकर परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास पट्टिकाओं का अनावरण किया।



# पायलट ने केंद्र सरकार पर जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने केन्द्र सरकार पर केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया और कहा कि देश इस पूरे प्रकरण को देख रहा है। पायलट ने दिल्ली में कुछ पत्रकारों और आम आदमी पार्टी (आप) के नेता की गिरफ्तारी को लेकर बृहस्पतिवार को टोंक में संवाददाताओं से कहा कि केन्द्र सरकार जिस तरह से अपनी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है, वह अब जगजाहिर हो चुका है।

पायलट ने कहा कि सीबीआई, ईडी और आयकर विभाग के 90-95 प्रतिशत छापे व कार्रवाई उन लोगों के खिलाफ होती है जो केन्द्र सरकार के विरोधी लोग हैं.. जो राजनीति में उनका विरोध करते हैं। पायलट ने कहा कि देश इस पूरे प्रकरण को देख रहा है और वह खुद भी इसे ठीक नहीं मानते हैं।

उन्होंने कहा कि विरोधियों की आवाज दबाने के लिए बदले की भावना से की गई कार्रवाई को लोग कभी भी ठीक नहीं मान सकते हैं। विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में भाजपा नुकसान का सामना कर रही है है और वह जानती है कि यहां तमाम लोग कांग्रेस के पक्ष में मतदान करना चाहते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि इन राज्यों में कंग्रेस पार्टी की ही सरकार बनेगी। उन्होंने राजस्थान भाजपा में अंदरूनी खींचतान का आरोप लगाया। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, जो पार्टी कभी खुद को सबसे अलग बताती थी.. आज पता नहीं कि उसका नेता कौन है? टिकट कौन दे रहा है? वे सिर्फ इस उम्मीद में बैठे हैं कि हर पांच साल बाद सत्ता परिवर्तन होता है तो हम घर बैठे ही सत्ता का सुख भोग लेंगे.. लेकिन इस बार ऐसा होने वाला नहीं है.. यहां परंपरा टूटेगी और राजस्थान में सरकार कांग्रेस पार्टी की ही बनेगी।

# पश्चिमी राजस्थान में देश का ग्रोथ इंजन बनने की क्षमता : शेखावत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जोधपुर । केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि मोदी सरकार के पिछले नौ साल के कार्यकाल में जिस तरह से आधारभूत सरंचना के विकास का काम हुआ है, उसे देखते हुए पश्चिमी राजस्थान में देश का ग्रोथ इंजन बनने की पूरी संभावना और क्षमता है। यहां परिवहन, ऊर्जा और जल आदि की भरपूर सुविधा है। उन्होंने यह भी कहा कि मोदी सरकार के विकास कार्यों का जमीनी स्तर पर प्रभाव दिखाई देने लगा है और देश में गरीबों की संख्या में कमी आई है।

शेखावत गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित 5900 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चलाई गई विकास योजनाओं ने सामान्य मानवी के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए काम किया है। फिर चाहे प्रधानमंत्री आवास योजना हो, हर घर में बिजली योजना हो, हर घर में गैस का चूल्हा, हर घर में शौचालय बनाने का काम हो, चिकित्सा क्षेत्र में आयुष्मान भारत कार्ड बनाने का काम हो या फिर जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल पहुंचाने का काम हो। इन योजनाओं में जो सफलता प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दिखाई दी, उससे देश में आम आदमी के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार इन योजनाओं से देश में साढ़े तेरह करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर आए हैं। उनका जीवन स्तर सुधरा है।उन्होंने कहा कि आज भारत की क्षमता और महत्वता पूरे विश्व में बढ़ी है। भारत में रेलवे, हवाई सेवा, सड़क और जल के क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने का काम हुआ है। आपके नेतृत्व में विकास का नया सूर्य उदय हुआ है। आपने देश को विकसित बनाने की दिशा में जिस तरह से कार्य किया है। आज पूरा भारत ही नहीं, पूरा विश्व इस बात को स्वीकार कर रहा है कि भारत तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था ही नहीं, तेजी से बढ़ते आधारभूत ढांचे वाला देश भी है।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि मुझे स्मरण आता है कि जब 2014 में हम चुनकर आए थे। उसके बाद से देश में नए युग का सूत्रपात हुआ। तब आपने रेलवे की देश में 30-40 साल से लंबित परियोजनाओं को पूरा करने को कहा था। आज रेलवे में आधारभूत सरंचनात्मक बदलाव हो रहे हैं। लंबित परियाजनों को समय पूरा किया जा रहा है।



# क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगी विस्टाडोम : दिया कुमारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजसमंद सांसद दिया कुमारी ने पीएम मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताते हुए कहा की राजस्थान को मिली पहली विस्टाडोम हेरिटेज ट्रेन क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। इससे न केवल पर्यटन को गति मिलेगी बल्कि रोजगार की नई संभावनाएं भी खुलेंगी।

उल्लेखनीय है कि हेरिटेज ट्रेन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मारवाड़ जंक्शन से वर्चुअल कांफ्रेंस के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद सांसद ने कामलीघाट पहुंच हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को वापस मारवाड़ जंक्शन के लिए रवाना किया। हरिटेज ट्रेन के कामलीघाट रेल्वे स्टेशन पहुँचने पर ट्रेन का आम नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा करके भव्य स्वागत किया गया ।

इस अवसर पर सांसद दिया कुमारी ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच और दृष्टिकोण का ही परिणाम है कि उन्होंने पर्यटन की दृष्टि से सबसे समृद्ध राजस्थान को विस्टाडोम ट्रेन की सौगात दी है।

गौरमघाट की वादियों के देखकर सांसद दिया ने कहा कि ये कश्मीर और हिमाचल के जैसा लगता है। यह हेरीटेज ट्रेन हमें राजस्थान के गौरवशाली अतीत से परिचित कराने के साथ-साथ गोरमघाट के अलौकिक प्राकृतिक सौंदर्य के दर्शन कराएगी। इस ट्रेन से राजसमंद जिले के पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा ।



# चुनावों में जनता ऐसा नतीजा देगी कि भाजपा का घमंड पाताल में पहुँच जाएगा : दीपेंद्र हुड्डा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हनुमानगढ़। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा गुरुवार को राजस्थान के सिधमुख (चूरु) में विधायक कृष्णा पूनिया और नोहर (हनुमानगढ़) में विधायक अमित चाचान द्वारा जनसभाओं को संबोधित करने पहुंचे। उन्होंने चूरु जिले की विधानसभा सादुलपुर में छ150 करोड़ से ज्यादा की लागत के विकास कार्यों का उद्घाटन किया और नोहर (हनुमानगढ़) में छ60 करोड़ से ज्यादा की लागत के विकास कार्यों का उद्घाटन कर विशाल जनसभाओं को संबोधित किया।

जनसभाओं में उमड़ी भारी भीड़ से उत्साहित दीपेन्द्र हुड्डा ने बीजेपी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा वाले डबल इंजन सरकार का राग अलापते हैं, लेकिन हरियाणा में गठबंधन सरकार के दोनों इंजन इतने खराब हो चुके हैं कि अब मरम्मत के लायक भी नहीं रहे। उन्होंने कहा कि ये कैसी डबल इंजन सरकार है जिसमें सिर्फ 2 लोगों की ही चलती है बाकी नीचे के सारे डिब्बे फेल हैं। आगामी चुनावों में जनता ऐसा नतीजा देगी कि सातवें आसमान पर पहुंच चुका भाजपा का घमंड पाताल में पहुँच जाएगा।

दीपेन्द्र हुड्डा ने कहाकि राजस्थान में काँग्रेस की सरकार है इसलिए जनता को गैस सिलेंडर 500 रुपए में मिल रहा है, बीजेपी सरकार ने तो गैस सिलेंडर के दाम 1150 रुपये पार पहुंचा दिए थे। उन्होंने कहा कि हिमाचल, राजस्थान, छत्तीसगढ़, कर्नाटक की कांग्रेस सरकारों ने कर्मचारियों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम को लागू कर दिया, लेकिन पूरे देश में बीजेपी की एक भी राज्य सरकार ने जझड को लागू नहीं किया।

## रवानगी




जयपुर में गुरुवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत चिरंजीवी एम्बुलेंस प्रोजेक्ट के तहत प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु कुल 200 एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# चित्तौड़गढ में ठेकेदार पर युवक ने हमला किया

जयपुर/दक्षिण भारत । राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के कपासन थाना क्षेत्र में बुधवार को नाली के विवाद पर एक युवक ने ठेकेदार पर फावड़े से हमला कर दिया। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए कहा कि आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। हमले के विरोध में उत्तेजित ग्रामीणों ने एक गुमटी और दो मालवाहक टेम्पो को आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने बताया कि घायल ठेकेदार को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने बताया कि ठेकेदार पर हमला करने वाले आसिफ को गिरफ्तार कर लिया गया है और पांच अन्य लोगों को एहतियातन हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि हमला करने वाले युवक आसिफ को भारतीय दंड संहिता की धारा 307 के तहत गिरफ्तार किया गया है।

# शाले मोहम्मद ने विकास कार्यों का किया लोकार्पण

जयपुरदक्षिण भारत । अल्पसंख्यक मामलात मंत्री शाले मोहम्मद ने गुरुवार को जयपुर स्तिथ हज हाउस में 102 करोड़ 45 लाख रुपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मंत्री ने हज हाउस भवन के द्वितीय तल, मुख्यमंत्री मदरसा आधुनिकीकरण आयोजना अन्तर्गत 9 जिलो के 91 मदरसों में लगभग 15 करोड़ रुपए के आधारभूत कार्यों , तथा अल्पसंख्यक मामलात विभाग की फ्लैगशिप योजना के तहत 10 राजकीय अल्पसंख्यक बालक - बालिका आवासीय



विद्यालय भवन का शिलान्यास किया। शाले मोहम्मद ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन का जीवन बेहतर बना है। उन्होंने कहा कि जवाबदेह सुशासन ने गुड गवर्नेंस का श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत किया गया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, बिजली क्षेत्र में सुविधाओं का विस्तार किया गया है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किये गये हैं, वहीं हर क्षेत्र में विकास की गति को बढ़ावा मिला है। अल्पसंख्यकों के समावेशी विकास के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बडी-बडी सौगाते दी है जिसका सकारात्मक असर धरातल पर दिख रहा है।

# ‘भाजपा ओबीसी कल्याण के लिए सदैव खड़ी हुई’

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पटना/भाषा।** भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी पार्टी ने मंडल आयोग की रिपोर्ट को सालों तक दबाए रखने वाली कांग्रेस के विपरीत हमेशा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए काम किया है। बिहार में हाल ही में जारी किए गए एक जाति आधारित सर्वेक्षण रिपोर्ट में राज्य की कुल आबादी में पिछड़ा वर्ग की आबादी 60 प्रतिशत से अधिक बतायी गई है। देशभर में ओबीसी और अति पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) के एकजुट होने की अटकलों के बीच प्रदेश की राजधानी पटना में एक समारोह को संबोधित करते हुए नड्डा ने यह बयान दिया।

भाजपा को उच्च जाति की समर्थक पार्टी के रूप में देखा जाता है। भाजपा अध्यक्ष ने राष्ट्रव्यापी जातिगत जनगणना की वकालत करने के लिए कांग्रेस पर कटाक्ष किया और उसे यह याद दिलाया कि मंडल आयोग की सिफारिशें वीपी सिंह की भाजपा समर्थित सरकार द्वारा लागू की गईं, क्योंकि इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने वर्षों तक रिपोर्ट को दबाए रखा। उन्होंने कहा, कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की सरकार, जिसका लालू प्रसाद की पार्टी राजद हिस्सा थी, ने ओबीसी के लिए राष्ट्रीय आयोग को संवैधानिक दर्जा देने के बारे में नहीं सोचा। यह काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। भाजपा सरकार के दौरान देश भर के केंद्रीय विद्यालयों में चार लाख ओबीसी छात्रों को प्रवेश दिया गया।

नड्डा ने कहा, हमें याद रखना चाहिए कि मोदी गरीबी को जाति का एक रूप मानते हैं। मोदी सरकार ने 12 करोड़ गरीब लोगों को मध्यम आय वर्ग में प्रवेश दिलाने में मदद की है। यह मेरा दावा नहीं है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकड़े यह बताते हैं।

भाजपा अध्यक्ष ने यह भी कहा कि पिछले पांच वर्षों में अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या जनसंख्या के एक प्रतिशत से भी कम रह गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि ‘इंडिया’ गठबंधन का गठन परिवारवाद एवं भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने तथा इसमें शामिल लोगों के हितों की रक्षा करने के लिए किया गया है।

## ईडी अभिषेक बनर्जी को नए समन भेजने पर विचार कर सकती है : उच्च न्यायालय

**कोलकाता/भाषा।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने कहा कि अगर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पश्चिम बंगाल में कथित स्कूल भर्ती घोटाले के संबंध में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद अभिषेक बनर्जी द्वारा सौंपे दस्तावेजों से संतुष्ट नहीं है तो वह उन्हें नए सिरे से समन भेजने पर विचार कर सकता है।

ईडी ने बुधवार को अभिषेक बनर्जी को नौ अक्टूबर को यहां उसके समक्ष पेश होने के लिए समन भेजा था। वह राज्य की बकाया केंद्रीय निधि को तत्काल जारी करने की मांग को लेकर नई दिल्ली में टीएमसी के विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए तीन अक्टूबर को एजेंसी के समक्ष पेश नहीं हुए थे जिसके बाद उन्हें नौ अक्टूबर को पेश होने के लिए समन भेजा गया है।



## दिल्ली शराब घोटाले का सरगना अब भी बाहर है और उसकी बारी भी आएगी : अनुराग ठाकुर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रायपुर/भाषा।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए कहा कि दिल्ली के उपमुख्यमंत्री और अन्य लोग आबकारी नीति मामले में जेल में हैं, लेकिन कथित घोटाले का सरगना अब भी बाहर है और उसकी बारी भी आएगी। रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल पर बृहस्पतिवार को संवाददाताओं से चर्चा करते हुए केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री ठाकुर ने कहा कि जो लोग भ्रष्टाचार के खिलाफ ‘इंडिया अगेंस्ट करप्शन’ का नारा देकर सत्ता में आए थे वे अब भ्रष्टाचार में डूबे हुए पाए गए हैं।

बुधवार को इस मामले में आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर केजरीवाल के आरोपों के बारे में पूछे जाने पर ठाकुर ने कहा, लोग अरविंद केजरीवाल जी पर हंस रहे हैं और उनके चेहरे पर तनाव देखा जा सकता है। ये वो लोग हैं जो ‘इंडिया अगेंस्ट करप्शन’ का नारा लगाकर आए थे और अब भ्रष्टाचार में डूबे हुए पाए गए।मंत्री ने कहा, पंजाब में वह सत्ता में आए और दो महीने के भीतर ही पंजाब सरकार के स्वास्थ्य मंत्री को भ्रष्टाचार के कारण इस्तीफा देना पड़ा। केजरीवाल जी के पास उस शराब घोटाले का कोई जवाब नहीं है जिससे उन्हें शर्मसार होना पड़ा है। अब तक उपमुख्यमंत्री और अन्य लोग जेल जा चुके हैं लेकिन सरगना अब भी बाहर है। जांच जारी है और सरगना की बारी भी आएगी। ठाकुर ने कहा, केजरीवाल जी ने जिनको ईमानदारी का सर्टिफिकेट बांटा था वो पिछले एक साल से जेल में हैं। उन्हें प्रमाण पत्र बांटने का अधिकार किसने दिया?

## मणिपुर में नए सिरे से हिंसा, इंफाल में दो घरों में आग लगाई

**इंफाल/भाषा।** मणिपुर के इंफाल वेस्ट जिले में फिर हिंसा भड़क उठी जहां कम से कम दो घरों में आग लगा दी गई और कई राउंड गोलीबारी हुई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना बुधवार रात करीब 10 बजे पटसोई पुलिस थाना क्षेत्र के न्यू कीथेलमनबी की है। उन्होंने बताया कि हमले के बाद आरोपी मौके से भाग गए, जिसके बाद से इलाके में तनाव है। सुरक्षाबलों और अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने आग पर काबू पा लिया। घटना के बाद इलाके में इकट्ठा हुईं मेइती समुदाय की महिलाओं को सुरक्षा बलों ने आगे बढ़ने से रोक दिया। पुलिस ने बताया कि इलाके में अतिरिक्त सुरक्षाबल तैनात कर दिया गया है और स्थिति नियंत्रण में है।

## केंद्र संजय सिंह को ‘चुप’ कराने की कोशिश कर रहा है : आप

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) ने बृहस्पतिवार को केंद्र पर उसके सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार कर उन्हें चुप कराने की कोशिश करने का आरोप लगाया और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार को चुनौती दी कि अगर उनके पास सिंह के खिलाफ कोई भी सबूत हो तो उसे सार्वजनिक करें। सिंह को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 2021-22 की दिल्ली आबकारी नीति मामले से जुड़ी धन शोधन जांच के सिलसिले में बुधवार को गिरफ्तार किया गया था।

यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए ‘आप’ की वरिष्ठ नेता आतिशी ने दावा किया कि ईडी और सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) के 500 से अधिक अधिकारियों ने पिछले 15 महीनों में ‘आप’ नेताओं से जुड़े विभिन्न स्थानों पर छापे मारे, लेकिन उनके खिलाफ एक भी सबूत नहीं मिला। ‘आप’ नेता ने कहा, उन्होंने मनीष सिसोदिया के आवास, कार्यालयों और कई अन्य स्थानों पर छापे मारे लेकिन उन्हें एक पैसे के भी भ्रष्टाचार का साक्ष्य नहीं मिला और अब संजय सिंह को निशाना बनाया है। ईडी अधिकारियों ने संजय सिंह के आवास के चप्पे-चप्पे पर छापेमारी की लेकिन कुछ नहीं मिला। उन्होंने सिंह को गिरफ्तार कर लिया क्योंकि वह लगातार केंद्र के भ्रष्टाचार के मुद्दे उठाते थे। आतिशी ने कहा कि अगर उनके नेता के खिलाफ कोई सबूत है तो केंद्र को इसे सार्वजनिक करना चाहिए। उन्होंने दावा किया, मैं भाजपा को चुनौती देना चाहती हूं कि अगर उन्हें संजय सिंह के खिलाफ कोई सबूत मिला है, तो उन्हें इसे सार्वजनिक करना चाहिए या उन्हें राजनीति छोड़ देनी चाहिए।

## संजय सिंह की गिरफ्तारी पर ‘दोहरा मापदंड’ अपना रही आप सरकार : संबित पात्रा



**भुवनेश्वर/भाषा।** कांग्रेस की पंजाब इकाई के विधायक सुखपाल सिंह खैरा और आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी की तुलना करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता संबित पात्रा ने बृहस्पतिवार को अरविंद केजरीवाल नीत पार्टी पर ‘दोहरे मापदंड’ अपनाने का आरोप लगाया।

यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए पात्रा ने दावा किया कि दिल्ली में आबकारी नीति मामले में शामिल सभी लोगों को एक एक कर पकड़ा जाएगा। उन्होंने पूछा, खैरा को मादक मदार्थ से जुड़े मामले में जबकि संजय सिंह को शराब घोटाले में गिरफ्तार किया गया है। दोनों ही एक तरह से समान मामलों में कथित रूप से शामिल हैं। हालांकि ’आप’ ने अपने सांसद के लिए अलग नीति अपनाई हुई है। क्या यह दोहरा मापदंड नहीं है? ’ पात्रा ने कहा, यह ’आप’ का चरित्र है, खुले में भ्रष्टाचार करो और जब पकड़े जाओ तो राजनीति शुरू कर दो। उन्होंने दावा किया कि जो दस्तावेज सिंह के पास से जब्त किए गए हैं उनमें किसी बड़े आप नेता की ओर इशारा किए जाने की संभावना हैं। ’आप’ की ओडिशा इकाई के संयोजक निशिकांत महापात्र ने पात्रा के आरोपों को खारिज करते हुए दावा किया कि सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के पास पार्टी नेताओं के खिलाफ कोई सबूत नहीं है।

## विकास के नाम पर पारिस्थितिकी को बर्बाद किया जा रहा है : बंगाल के राज्यपाल बोस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**सिलीगुड़ी (प.बंगाल)/भाषा।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने बृहस्पतिवार को कहा कि विकास के नाम पर पारिस्थितिकी को बर्बाद किया जा रहा है और सिक्किम में बाढ़ जैसी आपदाओं को कम करने के लिए विशिष्ट अध्ययन किए जाने की आवश्यकता है। उत्तरी पश्चिम बंगाल के बाढ़ग्रस्त इलाकों के दौरे पर जाते वक्त पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि एक स्थायी समाधान तलाश किया जाना चाहिए ताकि ऐसी आपदाएं फिर न आएं।

बोस बाढ़ प्रभावित जिलों जलपाईगुड़ी, कलिम्पोंग और कूचबिहार का हवाई सर्वेक्षण करने के लिए कोलकाता से सिलीगुड़ी पहुंचे। उन्होंने सेठी झोरा में पत्रकारों से कहा, मैं ज्यादा से ज्यादा जगहों का निरीक्षण करना चाहता हूं ताकि मुझे पता चल सके कि जमीनी हकीकत क्या है। इससे भी ज्यादा, मैं शिविरों में जाना चाहता हूं और लोगों के विचार, भावनाएं तथा शिकायतें जानना चाहता हूं। साथ ही यह भी जानना चाहता हूं कि भविष्य में ऐसी चीजें रोकने पर उनके विचार क्या हैं।

राज्यपाल ने कहा, इन आपदाओं के पीछे कई वजहें हैं। विशिष्ट अध्ययन और आकलन किए जाने की जरूरत है। मैं आपदा प्रबंधन में अपने अनुभव से कह सकता हूं कि ये दुर्घटनाएं आकस्मिक नहीं हैं। विकास के नाम पर हम पारिस्थितिकी को बर्बाद कर रहे हैं।

## शरद पवार ने क्या जांच एजेंसियों के भय से 2019 में भाजपा से संपर्क किया था : फडणवीस



**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को जानना चाहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) अध्यक्ष शरद पवार ने 2019 में क्या केंद्रीय जांच एजेंसियों के भय से भाजपा से संपर्क कर सरकार बनाने की इच्छा जताई थी? फडणवीस ने यह टिप्पणी शरद पवार द्वारा उनके भतीजे अजित पवार के नेतृत्व में राकांपा की ओर से की गई बगावत और इस साल जुलाई में भाजपा-शिवसेना सरकार में शामिल होने की आलोचना करने के एक दिन बाद आई है। शरद पवार ने कहा था कि जो भाजपा के साथ गए हैं उनका राकांपा से कोई लेना देना नहीं है और उन्होंने जांच एजेंसियों के भय से पाला बदला है। फडणवीस ने दावा किया था कि पवार ने भाजपा को समर्थन देकर सरकार बनाने की इच्छा जताई थी। हालांकि, राकांपा सुप्रीमो ने उनके दावे का खंडन किया था। एक कार्यक्रम से इतर जब संवाददाताओं ने पवार की टिप्पणी को लेकर सवाल किया तो उन्होंने कहा, मैं बस यह जानना चाहता हूं कि क्या वह (शरद पवार) 2019 में भाजपा के पास केंद्रीय जांच एजेंसियों के भय से आए थे?

## ‘न्यूज क्लिक’ मामला : पत्रकार उर्मिलेश और अभिसार शर्मा से हुई दोबारा पूछताछ

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली पुलिस ने समाचार पोर्टल ‘न्यूजक्लिक’ को केंद्र सरकार के बारे में कथित तौर पर फर्जी विमर्श को बढ़ाने के लिए चीन से पैसे मिलने के मामले में बृहस्पतिवार को पत्रकार उर्मिलेश और अभिसार शर्मा से दोबारा पूछताछ की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दोनों पत्रकार लोधी कॉलोनी स्थित दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ के कार्यालय दोपहर बाद गए और जांच में शामिल हुए। उन्होंने बताया कि दोनों पत्रकारों से अब भी पूछताछ की जा रही है। गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत दायर एक मामले में समाचार पोर्टल ‘न्यूजक्लिक’ के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और एचआर प्रमुख अमित चक्रवर्ती को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया था और उस घटना के दो दिन बाद यह पूछताछ हो रही है। अधिकारियों ने बताया था कि मंगलवार को ‘न्यूज क्लिक’ से जुड़े 46 पत्रकार और योगदान दाताओं से पूछताछ की गई थी और लैपटॉप एवं मोबाइल फोन सहित डिजिटल उपकरणों तथा दस्तावेजों को जांच के लिए जब्त किया गया था। शर्मा ने मंगलवार की पूछताछ के बाद कहा था कि वह इस कार्रवाई से भयभीत नहीं हैं और सरकार से कड़े सवाल पूछते रहेंगे।



## दीपिका, हरिंदर को मिश्रित युगल स्वर्ण, भारतीय स्क्वाश खिलाड़ियों का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हांगझोउ/भाषा।** भारत की दीपिका पल्लीकल और हरिंदर पाल सिंह संधू ने गुरुवार को यहां फाइनल में मलेशिया की जोड़ी को सीधे गेम में हराकर स्क्वाश मिश्रित युगल का खिताब जीता और एशियाई खेलों में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी सुनिश्चित किया।

दीपिका और हरिंदर ने फाइनल में आइफा बिंटी अजमन और मोहम्मद सयाफिक बिन मोहम्मद कमल को 35 मिनट में 11-10 11-10 से हराया। भारत ने 2014 में पुरुष टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था जो टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। भारत ने इंचियोन में दो रजत और एक कांस्य भी जीता था।

दीपिका ने जीत के बाद कहा, मुझे हमेशा याद नहीं रहता कि कोर्ट पर क्या हुआ। हमें सिर्फ आखिरी अंक याद रहता है। हम बहुत खुश हैं। हमें बहुत खुशी है कि हम स्वर्ण पदक जीत सके।

दूसरे गेम में एक समय भारतीय जोड़ी आसान जीत की ओर से बढ़ रही थी लेकिन इसके बाद उनकी एकाग्रता टूटी जिससे मलेशिया की जोड़ी मुकाबले को करीबी बनाने में सफल रही।

मलेशिया की जोड़ी ने 3-9 के स्कोर पर लगातार सात अंक से 10-9 की बढ़त बनाई लेकिन दीपिका और हरिंदर ने धैर्य बरकरार रखते हुए लगातार दो अंक के साथ जीत दर्ज की।

एशियाई खेलों में संभवत: अंतिम बार खेल रही दीपिका ने अपने अभियान का अंत दो पदक के साथ किया। वह कांस्य पदक जीतने वाली महिला टीम का भी हिस्सा थीं।

यह 32 वर्षीय खिलाड़ी चार एशियाई खेलों में छह पदक जीत चुकी है जिसमें एक स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं।

## ओडिशा ने पीपीपी मोड में पांच ‘मल्टीस्पेशलिटी’ अस्पताल स्थापित करने के लिए किया समझौता

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा सरकार ने राज्य में पांच किफायती ‘मल्टीस्पेशलिटी’ अस्पताल बनाने के लिए निजी स्वास्थ्य सेवा कंपनियों के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि ये 100 से 200 बिस्तर वाले अस्पताल अनुगुल, बड़बिल, भद्रक और झारसुगुड़ा में ‘पीपीपी मोड’ में स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा कि पीपीपी (सार्वजनिक निजी भागीदारी) मोड में स्वास्थ्य सुविधाएं विकसित करने की किसी भी राज्य द्वारा यह अपनी तरह की पहली पहल है।

उन्होंने कहा, इसमें निजी स्वास्थ्य सेवा संचालकों की प्रमुख भूमिका है। इसलिए हम जिला स्तर पर संस्थान स्थापित करने के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र में निजी निवेश को प्रोत्साहित कर रहे हैं। पटनायक ने कहा कि राज्य इन अस्पतालों को शीघ्र चालू करने के लिए हर संभव सहायता सुनिश्चित करेगा।

अधिकारियों ने कहा कि इन पांच अस्पतालों को करीब 500 करोड़ रुपए के निवेश से बनाया जाएगा। इससे 3,500 से अधिक लोगों के लिए रोजगार उत्पन्न होगा।

## घोर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं अधिकतर भारतीय परिवार : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों पर आधारित एक लेख का हवाला देते हुए दावा किया कि देश के अधिकतर लोग सरकार द्वारा निर्मित आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि महंगाई की तुलना में लोगों की आमदनी में बढ़ोतरी 40 वर्षों के सबसे निचले स्तर पर चली गई है। उन्होंने अंग्रेजी समाचार पत्र में प्रकाशित लेख का उल्लेख करते हुए कहा, रिजर्व बैंक के आंकड़ों से सामने आ रहे कुछ ताज़ा और चिंताजनक विश्लेषण। घरेलू बचत दरें अब ऐतिहासिक निचले स्तर पर हैं। पिछले 4 वर्षों में मुद्रास्फीति की तुलना में आय वृद्धि पिछले 40 वर्षों में सबसे निचले स्तर पर है। वित्त वर्ष 23 में शुद्ध घरेलू वित्तीय बचत पांचवें हिस्से तक कम हो गई है। वित्त वर्ष 2023 में गैर - आवासीय कर्ज दोगुना हो गया है, जो संभवत: वित्त उपभोग के लिए लिया गया ऋण है। यह डेटा बताता है कि मोदी सरकार 2022-23 के उपभोग व्यय सर्वेक्षण को क्यों दबा रही है।

## कंपाउंड तीरंदाजों ने टीम स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक का क्लीन स्वीप किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**हांगझोउ/भाषा।** भारत की महिला टीम ने गुरुवार को कड़े मुकाबले में एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक जीता जबकि पुरुष टीम को खिताब के लिए अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा जिससे भारत के कंपाउंड तीरंदाजों ने तीनों टीम स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतकर क्लीन स्वीप किया। भारत ने इस तरह एशियाई खेलों की तीरंदाजी स्पर्धा में अपने अब तक के सर्वश्रेष्ठ अभियान को आगे बढ़ाया।

महिला कंपाउंड टीम ने पिछड़ने के बाद वापसी करते रोमाचंक फाइनल में चीनी ताइपे को एक अंक से हराया। ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की शीर्ष वरीय गत विश्व चैंपियन टीम ने फाइनल में अंतिम चरण में 60 में से 60 अंक के परफेक्ट स्कोर के साथ चीनी ताइपे की तीसरी वरीय जोड़ी को 230-229 से हराया।

गत चैंपियन दक्षिण कोरिया को हराने के बाद चेन यी सुआन, हुआंग आई जो और वैंग लू युन की चीन की तिकड़ी आत्मविश्वास से भरी थी। आखिरी तीन तीर से पहले स्कोर 200-200 से बराबर था।

अदिति और परनीत के रूप में दो किशोरियों की मौजूदगी वाली भारतीय टीम ने इसके बाद तीन 10 अंक से 30 अंक जुटाए। दबाव अब चीनी ताइपे की टीम पर था जिसे मुकाबले को शूट ऑफ में खींचने के लिए 30 अंक की जरूरत थी। चीनी ताइपे की खिलाड़ी ने पहले ही प्रयास में नौ अंक पर निशाना साधा जिससे भारत की जीत तय हो गई। दो महीने पहले विश्व चैंपियनशिप जीतने के बाद भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने एशियाई चैंपियन बनकर अपना दबदबा बरकरार रखा।

दोपहर के सत्र में अभिषेक वर्मा, ओजस देवताले और प्रथमेश जावकर की तिकड़ी ने दक्षिण कोरिया को 235-230 से हराकर स्वर्ण पदक के साथ तीरंदाजी में भारत को छठा पदक दिलाया। बुधवार को भारत की मिश्रित कंपाउंड टीम ने भी स्वर्ण पदक जीता था। भारत का एशियाई खेलों की तीरंदाजी प्रतियोगिता में यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। देश ने पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन इंचियोन में 2014 में किया था जब उसने एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता था।

देवताले और वर्मा पुरुष कंपाउंड वर्ग के फाइनल में जगह बनाकर भारत के लिए दो और पदक पक्के कर चुके हैं। ज्योति ने भी महिला कंपाउंड व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाकर पदक पक्का किया है।

## विश्व कप के पहले ही मैच में खाली स्टेडियम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**अहमदाबाद/भाषा।** पिछले चैम्पियन इंग्लैंड और उपविजेता न्यूजीलैंड के बीच नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर वनडे विश्व कप के पहले मैच की शुरुआत के समय बमुश्किल दस हजार दर्शक जुटे और दिन ढलने के साथ भी आंकड़ा 15 से 17 हजार के बीच ही रहा। ऐसा लगता है कि भारत में एक साथ दो विश्व कप होने जा रहे हैं। पहला जिसमें भारतीय टीम खेलेगी और जिसके टिकटों के लिए मारामारी होगी। इतनी कि विराट कोहली तक को इंस्टाग्राम पर लिखना पड़ा कि उनसे कोई टिकट नहीं मांगे। और दूसरा अन्य टीमों का जिसमें मैदान खाली पड़े नजर आयेंगे।

चार साल पहले लाडर्स पर ऐतिहासिक फाइनल खेलने वाली दोनों टीमों ने सोचा भी नहीं होगा कि उन्हें लगभग खाली स्टेडियम में अपने अभियान का आगाज करना होगा। आईसीसी के वैश्विक दूत सचिन तेंदुलकर ट्रॉफी के साथ मैदान में आए लेकिन संन्यास लेने के बाद भी इस चैम्पियन बल्लेबाज को ऐसे खाली मैदान की आदत नहीं होगी। भारत से इतर मैच में भी दर्शक ‘सचिन सचिन’ के शोर से मैदान गुंजा देते आए हैं लेकिन आज ऐसा कुछ नहीं था। क्या वनडे क्रिकेट को लेकर रोमांच मर चुका है। भारतीय क्रिकेटप्रेमी अपने सितारों को पसंद करते हैं लेकिन शायद खेल को नहीं। ड्रोन कैमरे से मैदान के ऊपर से ली गई फुटेज में खालीपन और भी नजर आया। भारतीय टीम के मैचों के दौरान या आईपीएल में भी स्टेडियमों के बाहर लगने वाली कतारें नदारद थी।

गुजरात क्रिकेट संघ के एक अधिकारी ने बताया कि उन्हें 50 से 60 हजार दर्शकों के आने की उम्मीद थी। ऐसी खबरें हैं कि शहर की 30 से 40 हजार महिलाओं को मुफ्त टिकट दिए गए लेकिन इसके बावजूद सीटें खाली ही रही।

## सुविचार

**अपनापन छलके जिसकी आँखों में, ऐसा कोई एक ही मिलता है लाखो में।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# जो बोएंगे, वही काटेंगे

पाकिस्तान में 'अवैध' ढंग से रह रहे अफगान शरणार्थियों की धर-पकड़ से कई सवाल पैदा हो रहे हैं। आखिर पाक सरकार ने इतने वर्षों बाद यह फैसला क्यों लिया? जब अगस्त 2021 में तालिबान ने अफगानिस्तान की सत्ता पर कब्जा कर लिया था, तो पाकिस्तान में खुशी की लहर थी। 'पाक-अफगान' दोस्ती के नारे गूंजने लगे थे। फिर दो साल बाद ऐसा क्या हुआ कि पाकिस्तान सरकार ने अपने यहां रहने वाले उक्त शरणार्थियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया? वास्तव में पाकिस्तान के हुक्मरानों को इस अवधि में इतनी अक्ल तो आ गई कि अफगानिस्तान में उनकी दाल नहीं गलने वाली है। वे चाहते थे कि तालिबान के लड़ाकों का इस्तेमाल भारत के खिलाफ किया जाए, लेकिन उन्होंने पाकिस्तान के जवानों को ही ढेर करना शुरू कर दिया। तालिबान मौजूदा पाक-अफगान सरहद को स्वीकार नहीं करता। वह कहता है कि अटक तक अफगानिस्तान का इलाका है, जिसे वह लेकर ही रहेगा। तालिबान की मंशा यह भी है कि जिस तरह उसने अफगानिस्तान की सत्ता पर कब्जा किया, उसी तरह इस्लामाबाद में बैठी 'हुकूमत' को उखाड़ फेंके और यहां अपने तौर-तरीकों वाला शासन स्थापित करे। अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी के बाद पाकिस्तान में आतंकवादी हमलों की लहर-सी आ गई है। इसमें न केवल कई सैनिक, बल्कि पुलिसकर्मी और आम नागरिक भी मारे गए हैं। अफगान शरणार्थियों पर आरोप लगाया जाता है कि पाक में आत्मघाती धमाके करने वाले आतंकवादियों के तार इनसे जुड़े होते हैं। वहीं, कई विशेषज्ञ यह तक कह चुके हैं कि वैध / अवैध शरणार्थियों के आने के बाद ड्रग्स, तस्करी, लूट, चोरी, हत्या, अपहरण ... जैसे गंभीर अपराधों में बढ़ोतरी हो गई है।

हालांकि पाकिस्तान के लिए यह आसान नहीं होगा कि वह अवैध अफगान शरणार्थियों को उनके देश भेज सके। यूएनएससीआर की एक रिपोर्ट की मानें तो पाक में लगभग 37 लाख अफगान शरणार्थी रहते हैं। उनमें से केवल 13 लाख लोग ही पंजीकृत हैं। ऐसे में पाकिस्तान सरकार एक-एक अवैध शरणार्थी को निकालेगी, तो कैसे? ये लोग किसी एक शहर में नहीं रहते। केपीके के गांवों से लेकर पेशावर, इस्लामाबाद, क्वेटा और कराची तक इनकी बस्तियां हैं। बाजारों में इनकी दुकानें हैं। कई मौकों पर स्थानीय लोगों से इनका टकराव होता रहता है। खासतौर से जब किसी क्रिकेट मैच का नतीजा पाकिस्तान के खिलाफ जाए। सोशल मीडिया पर ऐसे कई वीडियो मौजूद हैं, जिनमें अफगानिस्तान के लोग कुर्सियां उठाकर पाकिस्तानियों की पिटाई करते नजर आते हैं। यही नहीं, यूरोप और अमेरिका में रहने वाले अफगान भी पाकिस्तान से सख्त नफरत का इजहार करते मिल जाते हैं। उनके इस व्यवहार पर पाकिस्तानी मीडिया कहता है कि हमने इन लोगों को भाई समझकर अपने यहां आने दिया, रहने के लिए जमीन दी, अपने हिस्से का खाना तक दे दिया ... फिर ये हमसे इतनी नफरत क्यों करते हैं? दरअसल अफगान शरणार्थियों के इस रवैए की एक खास वजह है। ये अपने मुल्क में आबाद थे, लेकिन इन्हें पाकिस्तान की वजह से दर-बदर होना पड़ा। पाकिस्तानी फौज के जनरलों ने अफगानिस्तान में तालिबान को पाल-पोसकर बड़ा किया था। पाकिस्तानी जवानों ने आतंकवाद का प्रशिक्षण देकर वहां दहशत की पौध तैयार की थी। इसके बदले पाकिस्तान को खूब डॉलर मिले थे, जिनसे अधिकारियों ने जेबें भरी थीं। उसका नतीजा आज दुनिया देख रही है। अफगानिस्तान में आतंकवाद और हिंसा की आग पाकिस्तान ने लगाई थी, इसलिए अफगान शरणार्थियों का उससे नफरत करना अचंभे की बात नहीं है। अगर पाकिस्तान यह सब नहीं करता तो अफगान अपना घर छोड़ने को मजबूर नहीं होते। आज वे उसके यहां समस्या पैदा कर रहे हैं तो हुक्मरानों की नींद उड़ गई है। सत्य है- जो बोएंगे, वही काटेंगे!

## ट्वीटर टॉक




राजस्थान में बीते पांच साल में कांग्रेस के कुशासन ने भ्रष्टाचार और दंगों के मामले में इस राज्य को देश में टॉप पर पहुंचा दिया है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि इसी सरकार ने महिलाओं और दलितों के विरुद्ध अत्याचार के मामले में भी राजस्थान को नंबर-1 बनाया है।

**-नरेन्द्र मोदी**



375 करोड़ की लागत से बने 58 किमी लंबी डेगाना-कुचामन सिटी रेलमार्ग के दोहरीकरण के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं माननीय रेलमंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी का हृदय से धन्यवाद। इस रेलमार्ग के ज़रिये राजसमंद लोकसभा क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा।

**-दिया कुमारी**



जोधपुर में युगदृष्टा प्रधानमंत्री जी की विराट महासभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए समस्त मार्गदर्शक वरिष्ठों, सदा साथ खड़े सहयोगी-साथियों, अदम्य ऊर्जा से लब्ध कर्मठ कार्यकर्ता मित्रों, निस्वार्थ समर्थकों और शुभचिंतकों का कोटि-कोटि आभार!

**-गजेन्द्र सिंह शेखावत**

## प्रेरक प्रसंग

# मोक्ष के अधिकारी

जनकवंशीय जनदेव मिथिला के राजा थे। वे विद्वान आचार्यों से उपदेश ग्रहण कर उनका पालन करने का प्रयास किया करते थे और प्रजा के दुख दूर करने में तत्पर रहते थे। एक बार कपिला के पुत्र महामुनि पंचशिख मिथिला पहुंचे। महामुनि की विरक्ति, तपस्या और ज्ञान देखकर राजा जनदेव बहुत प्रभावित हुए। मुनि पंचशिख भी राजा की श्रद्धा, भक्ति भावना के कायल हो गए। मुनि ने उन्हें मोक्ष मार्ग का उपदेश देते हुए कहा, 'संसार को स्वप्नवत मानना चाहिए। दुख-सुख में समान रहना चाहिए। सच्चा सुख भगवान की भक्ति से ही मिलता है।' राजा ने मुनि के उपदेश का पालन करने का संकल्प लिया। वह निष्काम भाव से प्रजाहित में प्रवृत्त रहने लगे। भगवान विष्णु तक राजा की ख्याति पहुंची। वह परीक्षा लेने के लिए ब्राह्मण का रूप धारण कर मिथिला जा पहुंचे और कोई अमर्यादित कार्य कर दिया। जनदेव ने कहा, 'तुम मेरे राज्य की सीमा से बाहर चले जाओ।' ब्राह्मण ने एक भवन में आग लगा दी। राजा विचलित नहीं हुए और बोले, 'भवन जलने से मुझे तनिक भी दुख नहीं हुआ है।' तभी ब्राह्मण की जगह विष्णु भगवान प्रकट हुए।

## सामयिक

# राजस्थान भाजपा में चल रही है बदलाव की बयार

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**मोबाइल : 9414255034**



कभी चाल, चरित्र व चेहरा की बात करने वाली भाजपा में अब बड़े बदलाव की बयार चल रही है। इन दिनो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक नई भाजपा बन रही है। पार्टी के सभी पुराने छत्रपों को एक-एक कर किनारे लगाया जा रहा है। प्रदेशों में भाजपा के बड़े नेताओं को सक्रिय राजनीति से दूर कर घर बैठा दिया गया है। जो थोड़े बहुत पुराने नेता अभी सक्रिय है उनको भी अगले लोकसभा चुनाव तक राजनीति से आउट कर दिया जाएगा। वर्ष 2014 में जब नरेंद्र मोदी पहली बार देश के प्रधानमंत्री बने थे। तब पार्टी में बड़ी संख्या में बुजुर्ग नेताओं का दबदबा कायम था। लाल कृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, सुषमा स्वराज जैसे बड़े नेताओं की पार्टी में तूती बोलती थी। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद सबसे पहले लाल कृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी जैसे बड़े नेताओं को सक्रिय राजनीति से दूर किया गया था। उसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव में भी बड़ी संख्या में पुराने नेताओं के टिकट काटकर उनके स्थान पर नए लोगों को आगे लाया गया था। कई प्रदेशों के विधानसभा चुनाव में भी वर्षों से जमे वरिष्ठ नेताओं को दरकिनार कर नए लोगों को मुख्यमंत्री बनाया गया। अब ऐसा लगता है कि 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा पूरी तरह से बदल जाएगी। पार्टी नेतृत्व में ऐसे लोगों की बहुलता होगी जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना नेता मानते हैं।

कभी भाजपा में संगठन का बहुत महत्व होता था। संगठन से जुड़े लोगों को ही राजनीति में आगे बढ़ने का अवसर मिलता था। मगर अब स्थिति उसके एकदम उलट हो गई है। आज पार्टी में संगठन का महत्व पहले की तुलना में कम हो गया है। भाजपा का अब एक ही ध्येय रह गया है की जिताऊ प्रत्याशी को मैदान में उतार जाए। दूसरे दलों से आने वालों को पार्टी में महत्व मिल रहा है। इससे पार्टी के मूल कार्यकर्ता खुद को उपेक्षित महसूस करने लगे हैं। देश के पूर्वोत्तर में स्थित असम, त्रिपुरा, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री के पदों पर पार्टी ने दूसरे दलों से आए नेताओं को बैठा रखा है। हालांकि राजनीति के बदलते दौर में सभी दलों की यही स्थिति है। मगर भाजपा में ऐसा खेल कुछ ज्यादा ही चल रहा है। पंजाब में कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए सुनील कुमार जाखड़ को तुरंत ही प्रदेश अध्यक्ष बना दिया गया है। वही झारखंड में बाबूलाल मरांडी को विधायक दल का नेता बना दिया गया है। हालांकि बाबूलाल मरांडी मूलतः भाजपा से ही जुड़े रहे थे। मगर पिछले कई वर्षों से वह भाजपा विरोध की राजनीति करते थे। यही स्थिति पश्चिम बंगाल में है। पहले कांग्रेस फिर तृणमूल कांग्रेस की राजनीति करने वाले शुधेंदु अधिकारी वहां पार्टी के मुख्य चेहरे व विधायक दल के नेता है।

कर्नाटक में भाजपा ने कांग्रेस व जनता दल एस की राजनीतिक कर चुके बसवराज बोम्मई को मुख्यमंत्री बनाया था। जिनके शासन में वहां भ्रष्टाचार के पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। कर्नाटक में भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार सहित कई वरिष्ठ नेताओं के टिकट काटे थे। जिससे नाराज होकर कई नेताओं ने पार्टी से बगावत कर चुनाव लड़ा। फलस्वरुप भाजपा को वहां अपनी सरकार तो गवानी ही पड़ी साथ ही पार्टी विधानसभा में 66 सीटों पर सिमट कर रह गई। कर्नाटक में पहले बीएस येडीयुरप्पा के नेतृत्व में भाजपा की सरकार चल रही थी। मगर उन्हें हटाकर दूसरे दल से आए बसवराज बोम्मई को मुख्यमंत्री बनाने का खामियाजा भाजपा को सत्ता गवां कर चुकाना पड़ा। आज कर्नाटक में भाजपा हासिये पर पहुंच गई है।

इसी तरह महाराष्ट्र में शिवसेना को सत्ता से हटाने के लिए भाजपा ने जो हथकंडे अपनाये हैं उसका खामियाजा उन्हें आगे आने वाले चुनाव में उठाना पड़ेगा। महाराष्ट्र में शिवसेना को तोड़कर भाजपा ने सरकार तो बना ली मगर वहां मुख्यमंत्री शिवसेना के बागी नेता एकनाथ शिंदे को बनाकर अपने ही पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को तगड़ा झटका दिया है। फिर से मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहे फडणवीस को उपमुख्यमंत्री बनाकर पार्टी ने उनका कद कम कर दिया है। रही सही कसर वहां अजीत पवार को भी गठबंधन में शामिल करने से पूरी हो गई है। भाजपा के जो विधायक मंत्री बनने का सपना देख रहे थे। गठबंधन बनने से अब उनका सपना कभी पूरा नहीं होगा। अगले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में भाजपा कर्नाटक की तरह महाराष्ट्र में भी बहुत कमजोर हो जाएगी।

कांग्रेस से भाजपा में आए असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा अपनी आक्रामक शैली को लेकर भाजपा नेताओं के बहुत प्रिय हो रहे हैं। मगर जिस तरह से वह भाजपा का कांग्रेसीकरण कर रहे हैं। उससे असम भाजपा के पुराने नेताओं में गहरी नाराजगी व्याप्त हो रही है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेन गोहेन ने नगांव लोकसभा क्षेत्र के परिसीमन के विरोध में असम खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। जिसका उन्होंने चार बार प्रतिनिधित्व किया है। असम भाजपा में पुराने नेताओं और हाल ही में दूसरी राजनीतिक पार्टियों से शामिल हुए नेताओं के बीच खींचतान तेज हो गई है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेन गोहेन, असम भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और विधायक सिद्धार्थ भट्टाचार्य, पूर्व विधायक अशोक सरमा, मोरीगांव के विधायक रमाकांत देवरी ने भाजपा छोड़ने की धमकी दी है। राज्य में पार्टी के नए और पुराने कार्यकर्ताओं के बीच मतभेद के कारण असम भाजपा एक गंभीर संकट का सामना कर रही है। काफी दिनों से भाजपा के पुराने कार्यकर्ता और पार्टी के वफादार आरोप लगाते रहे हैं कि नए कार्यकर्ता और जो अन्य दल छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं। वे पार्टी पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं और पुराने कार्यकर्ताओं को उचित सम्मान नहीं दे रहे हैं।

मध्य प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, राजस्थान में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया, कैलाश मेघवाल, देवीसिंह भाटी, त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री विप्लव कुमार देव, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका गांधी, महाराष्ट्र में पंकजा मुंडे, हरियाणा में पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी वीरेंद्र सिंह, दिल्ली में पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल जैसे कई प्रभावशाली नेता पार्टी में लगातार हो रही अपने उपेक्षा से नाराज है। मध्य प्रदेश में उमा भारती ने तो खुलेआम ऐलान कर दिया है कि वह अभी राजनीति में पूरी तरह से सक्रिय रहेगी तथा अगला चुनाव भी लड़ेगी। उमा भारती तो यहां तक बोल गई कि किसी में हिम्मत नहीं है जो उसे अगला चुनाव लड़ने से रोक सके। राजस्थान विधानसभा के चुनाव में वसुंधरा राजे भी अपने अपेक्षा से नाराज नजर आ रही है। उनके कट्टर समर्थक कैलाश मेघवाल को पार्टी ने निलंबित कर दिया है। उनके समर्थक विधायकों को भी अपना टिकट कटने की संभावना लग रही है। पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने पिछले दिनों बयान देकर अपनी उपेक्षा करने पर नाराजगी जाहिर की थी। मेनका गांधी के सांसद पुत्र वरुण गांधी अक्सर पार्टी लाइन से हटकर बयान बाजी करते रहते हैं। भाजपा में वरिष्ठ नेताओं को जिस गति से किनारे लगाया जा रहा है। उसे लगता है आने वाले समय में सभी वरिष्ठ नेता सक्रिय राजनीति से दूर कर दिए जाएंगे।

## मंथन

# रूस की सनक से विश्व शांति को खतरा

**संजीव ठाकुर**

**मोबाइल : 90094 15415**

अमेरिका और चीन फिर आमने-सामने आ गए है। इस बार कोई अंतरराष्ट्रीय मुद्दा ना होकर ताइवान के मामले को लेकर अमेरिका और चीन में बेहद तनाव बढ़ गया है। पहले अमेरिका ने ताइवान के बारे में चीन को स्पष्ट बता दिया था कि विस्तार वादी नीति के कारण चीन को आगे नहीं बढ़ने दिया जाएगा। उधर रूस-यूक्रेन युद्ध में पूरा विश्व चिंतित और परेशान है खासकर यूरोप अमेरिका और ब्रिटेन इन्हें चिंता सता रही है कि कहीं पुतिन ने यूक्रेन के खिलाफ परमाणु बम का इस्तेमाल किया तो उसका प्रभाव ज्यादातर यूरोपीय देशों में पड़ने की संभावना होगी और फिर पलटवार से विश्व युद्ध की संभावना बलवती हो जाएगी। वहीं दूसरी तरफ वर्तमान में चीन ने सख्त रुख अपनाते हुए अमेरिका को चेतावनी दे डाली है कि वह अपने हितों की रक्षा करने में किसी भी तरह की रियायत नहीं करने वाला है। चीन ने कहा कि वह अपने अंदरूनी मामले में किसी को दखलंदाजी नहीं करने देगा एवं अपने हितों की रक्षा करना अच्छे से जानता है,चीन ने कहा कि ताइवान को लेकर अमेरिका पूरे विश्व में गलत संदेश प्रसारित करते आ रहा है। ताइवान के मामले में चीन किसी भी तरह का समझौता नहीं करेगाश्र उल्लेखनीय है कि चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग बेनबिन एक बार फिर चीन के रुख को स्पष्ट करते हुए कहा है कि ताइवान उनका हिस्सा है और चीन अपने हितों की रक्षा करना अच्छे से जानता है वह इतना सक्षम है कि किसी भी देश से मुकाबला करने के लिए तैयार है। यह विदित हो कि हाल ही में चीन ने ताइवान पर अपना नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से उस पर बलपूर्वक कब्जा करने की धमकी दी थीश्र विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा है कि ताइवान का मामला पूर्णता उनका अंदरूनी मामला है। ऐसे में विदेशी दखलअंदाजी किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जावेगी।

कुछ दिन पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने बयान दिया था कि अगर चीन ताइवान पर हमला करता है तो हम निश्चित तौर पर ताइवान की मदद करेंगे, क्योंकि ताइवान की रक्षा करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति के इस बयान को ताइवान के प्रशासक तथा आम जनता ने गर्मजोशी से स्वागत किया था, पूरी दुनिया ने इस बात का समर्थन भी किया था। चीन ने अपने जवाब में जबरदस्त प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ताइवान के मुद्दे पर समझौते की कोई गुंजाइश नहीं है। अमेरिका गलत संदेश देना बंद करें क्योंकि चीन अपने आंतरिक हितों की रक्षा करने में कोई भी रियायत नहीं करेगा। अक्टूबर 2020 में चीन ने ताइवान पर बड़ा हमला किया था चीन के लगभग 200 लड़ाकू विमान ताइवान की सीमा पर घुस गए थे और इसके बाद चीन तथा ताइवान में तनाव चरम सीमा पर पहुंच गया था चीन ताईवान को अपने देश का एक हिस्सा मानता है और ताइवान इसका जबरदस्त विरोध करता है। इसके पूर्व चीन ने ताइवान पर बलपूर्वक कब्जा करने की सार्वजनिक रूप से धमकी दी थी और चीन बहुत पहले से कहता आ रहा है कि ताइवान का मामला पूरी तरह चीन का अंदरूनी मामला है और इसमें किसी भी देश की दखलअंदाजी के लिए भी सरसों में स्वीकार नहीं की जावेगी। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा है कि ताइवान के मामले में किसी भी रियायत की कोई गुंजाइश नहीं है। चीन अपनी राष्ट्रीय संप्रभुता क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए चीनी लोगों की मजबूत जनता दृढ़ विश्वास एवं प्रतिबद्धता पर किसी को संदेह नहीं होना चाहिए। इसके पूर्व अफगानिस्तान में तालिबानियों द्वारा अमेरिकी सैनिकों की युद्ध के समय तालिबानियों की मदद की घोषणा की थी और तालिबान राज्य बनने के बाद चीन लगातार अफगानिस्तान में तालिबानियों की आर्थिक मदद कर रहा है। उधर प्रशांत महासागर तथा हिंदी चाइना महासागर पर ऑस्ट्रेलिया, जापान, अमेरिका और भारत की नौसेना ने लगातार चीन की बढ़ती दखलंदाजी को कम करने के लिए क्वाड सम्मेलन करते आ रहे हैं। वैसे भी चीन की जिस विस्तार वादी नीति से एशिया के देश तथा अन्य देश अंदर ही अंदर बहुत विरोध भी करते हैं। चीन ने नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, पाकिस्तान,और श्रीलंका, तालिबान को आर्थिक मदद देकर अपना गुलाम बना लिया है। किंतु भारत से उसकी परंपरागत दुश्मनी अभी तक चली आ रही है। अमेरिका के बाद चीन ही सामरिक तथा आर्थिक ताकत बना हुआ है। पर किसी न किसी देश को हमेशा परेशान ही करता आया है।

## चिंतन

# शराब घोटाला केजरीवाल के गले की फांस बना

**बाल मुकुन्द ओझा**

**मोबाइल : 9414441218**



आम आदमी पार्टी के राज्य सभा सदस्य संजय सिंह की गिरफ्तारी के बाद शराब घोटाले की आंच दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल तक पहुँचने लगी है। भाजपा की माने तो इस प्रकरण के सूत्रधार केजरीवाल की गिरफ्तारी कभी भी हो सकती है। ईडी ने संजय सिंह के दिल्ली वाले घर में बुधवार सुबह 7 बजे से छापा मारा था। यहां से कई दस्तावेज जब्त किए गए। आबकारी नीति केस की चार्जशीट में संजय सिंह का भी नाम है। इस केस में मनीष सिसोदिया फरवरी से ही जेल में हैं। संजय सिंह के गिरफ्तारी के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला है. अरविंद केजरीवाल ने अपने द हैंडल से पोस्ट किया, संजय सिंह की गिरफ्तारी बिल्कुल गैर कानूनी है। ये मोदी जी की बौखलाहट दर्शाता है। चुनाव तक ये कई और विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार करेंगे।

सत्येंद्र जैन और मनीष सिसोदिया के बाद केजरीवाल के विश्वस्त सहयोगी संजय सिंह की शराब घोटाले में गिरफ्तारी के सियासी हलकों में कई अर्थ और अनर्थ निकाले जा रहे है। ईडी की चार्जशीट में संजय सिंह पर 82 लाख रुपये का चंदा लेने का जिक्र है। इसको लेकर ही ईडी ने बुधवार को उनके घर पर छापा मारा था। भाजपा का आरोप है की गिरफ़्तारी का वे पार्टियां और नेता विरोध कर रहे है जिनके खिलाफ पहले ही भ्रष्टाचार, सत्ता के दुरूपयोग और अनियमितताओं के गंभीर आरोप है। इन नेताओं के खिलाफ विभिन्न न्यायालयों में मुकदमें विचाराधीन है। ये नेता या तो जेल में बंद है अथवा जमानत पर बाहर है। इंडिया एलाइंस की घटक पार्टियां जोर शोर से मोदी सरकार पर सरकारी एजेंसियों के दुरूपयोग का आरोप लगा रही है।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार जिन पार्टियों ने खुलमखुला केजरीवाल की पार्टी और सिसोदिया का समर्थन किया है उनमें कम्युनिष्ट पार्टियों सहित अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल के बाप बेटे लालू और तेजस्वी यादव, ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस, केसीआर की भारत राष्ट्र समिति, हेमंत सोरेन की झारखण्ड मुक्ति मोर्चा, शिवसेना उद्धव गुट, जेडी यू आदि शामिल है। दिल्ली कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि उनकी पार्टी का जो स्टैंड पहले था, वही इस मामले में आज भी है। दोषियों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए। लेकिन केंद्र सरकार को अपनी जांच एजेंसियों का गलत इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। विस्तार से चर्चा करें तो लालू चारा घोटाले में सजायाप्ता है। तेजस्वी पर बेनामी सम्पति के मामले चल रहे है। अखिलेश पर गुंडों और बदमाशों के संरक्षण के आरोप है। ममता की पार्टी के कई मंत्री और नेता जेल में है। शिवसेना नेता संजय राउत जेल जा चुके है और जमानत पर है।

झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के नेताओं पर सत्ता के दुरूपयोग के अनेक प्रकरण विचाराधीन है। केसीआर की बेटी शराब घोटाले की एक आरोपी है। एनसीपी के दो पूर्व मंत्री जेल में है या जमानत पर है। कहने का मतलब है संजय सिंह और आम आदमी पार्टी के समर्थन में वे राजनीतिक पार्टियां आगे आयी है जो खुद कहीं न कहीं सेंट्रल एजेंसियों के राडार पर है और जिनके नेताओं पर भ्रष्टाचार सहित सत्ता के दुरूपयोग और आर्थिक अनियमितताओं के आरोप है। खुद आम आदमी पार्टी के कई नेता या तो जेल में है या जमानत पर छुटे हुए है। आम आदमी पार्टी इसे राजनीतिक दवाब में की गई कार्रवाई बताते हुए सड़कों पर प्रदर्शन कर रही है। वहीं ईडी का दावा है कि उनके पास संजय सिंह के खिलाफ पुख्ता सबूत हैं और वे जाँच में सहयोग नहीं कर रहे है।

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सिसोदिया ने उपराज्यपाल की मंजूरी के बिना शराब नीति में बदलाव किया। आरोप है कि इससे शराब ठेकेदारों को फायदा पहुंचा। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि इससे मिले कमीशन का इस्तेमाल आम आदमी पार्टी ने पंजाब विधानसभा चुनाव में किया। नई शराब नीति में तमाम खामियों के बाद चार महीन के भीतर ही नई शराब नीति को वापस ले लिया गया था। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना की तरफ से सीबीआई से इस मामले की जांच कराने की सिफारिश की गई थ। इसके बाद ही इस पॉलिसी को रद्द कर दिया गया था। इसके बाद ईडी ने धन शोधन रोकथाम कानून के तहत मामला दर्ज कर जाँच शुरू की।

उल्लेखनीय है अन्ना हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन में सक्रिय रहे अरविंद केजरीवाल ने राजनीति में आने का फैसला लिया था। उन्होंने दो अक्टूबर 2012 को आम आदमी पार्टी का गठन किया गया था। राजनीति में सुचिता का दावा करने वाली आम आदमी पार्टी के दिल्ली और पंजाब में सत्ता में आने के बाद कई नेता और मंत्री भ्रष्टाचार सहित अनेक प्रकरणों में फंसने के बाद जेल में बंद है या जमानत पर है।

महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

## प्रदर्शन



नई दिल्ली में गुरुवार को फिलीपीन में पढ़ने गए मेडिकल छात्रों के अभिभावकों ने गुरुवार को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया।

# प्रधानमंत्री मोदी ने 'द वैक्सीन वॉर' फिल्म के निर्माताओं को दी बधाई

**जोधपुर/भाषा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फिल्म 'द वैक्सीन वॉर' के निर्माताओं को बधाई देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि यह फिल्म आने वाली पीढ़ियों के काम आएगी। मोदी यहां 'रावण का चबूतरा' मैदान में एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। राज्य में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होना है।

अपने संबोधन के दौरान मोदी ने कहा,''मैंने सुना है कि आजकल एक फिल्म आई है 'द वैक्सीन वॉर'। मैंने सुना है कि भारत में कोविड से लड़ाई लड़ने के लिए हमारे देश के वैज्ञानिकों ने जो रात-दिन मेहनत की, प्रयोगशाला में एक ऋषि की तरह उनकी साधना और हमारी महिला वैज्ञानिकों ने जो अद्भुत काम किया... उन सारी बातों को बढ़िया तरीके से 'द वैक्सीन वॉर' फिल्म में दर्शाया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीयों को वह फिल्म देखने के बाद गर्व हो रहा है कि हमारे वैज्ञानिक ऐसा-ऐसा काम किए हैं। मोदी ने कहा,''चंद्रयान का प्रक्षेपण वैज्ञानिकों का गौरव बढ़ता है, वैक्सीन निर्माण से वैज्ञानिक को गर्व होता है। देश की युवा पीढ़ी वैज्ञानिकों के काम को समझना चाहती है।

मोदी ने कहा कि वह इस फिल्म को बनाने वालों को भी बधाई देना चाहते हैं क्योंकि उन्होंने 'द वैक्सीन वॉर' फिल्म बनाकर देश के वैज्ञानिकों और विज्ञान को महत्व दिया है और आने वाली पीढ़ी के यह बहुत काम आने वाला है। उल्लेखनीय है कि 'द वैक्सीन वॉर' विवेक अग्निहोत्री द्वारा निर्देशित और पल्लवी जोशी द्वारा निर्मित फिल्म है। यह भारत में कोविड-19 महामारी के दौरान 'कोवैक्सिन' के विकास और इससे जुड़े वैज्ञानिकों के प्रयासों पर प्रकाश डालती है। इसमें निवेदिता भट्टाचार्य, अनुपम खेर, नाना पाटेकर और गिरिजा ओक ने काम किया है।

## संबोधन


नई दिल्ली में गुरुवार को विज्ञान और प्रौद्योगिकी, प्रधान मंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह 'थर्ड इंडिया क्वांटम टेक्नोलॉजी कॉन्क्लेव 2023' को संबोधित करते हुए।

# मुफलिसी से शोहरत तक का सफर तय किया है राम बाबू ने

**हांगझोउ/सोनभद्र/भाषा**

दिहाड़ी मजदूर के बेटे और एशियाई खेलों की पैदल चाल स्पर्धा के कांस्य पदक विजेता राम बाबू का गरीबी से प्रसिद्धि का सफर एक शानदार कहानी है जो बयां करती है कि कैसे मजबूत इच्छा शक्ति वाला व्यक्ति अपनी किस्मत खुद लिखता है।

एशियाई खेलों की 35 किमी पैदल चाल मिश्रित टीम स्पर्धा में मंजू रानी के साथ कांस्य पदक जीतने वाले राम बाबू ने एथलेटिक्स की ट्रेनिंग का खर्चा उठाने के लिए वेटर का काम किया और कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान मनरेगा योजना के तहत अपने पिता के साथ सड़क निर्माण का कार्य भी किया क्योंकि परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। चौबीस साल के राम बाबू ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा, मैंने अपने जीवन में अब तक हर संभव कार्य किया है, वाराणसी में वेटर के रूप में काम करने से लेकर हमारे गांव में मनरेगा के तहत सड़क निर्माण के लिए अपने पिता के साथ गड्ढे खोदने तक। उन्होंने कहा, यह अपने लक्ष्य को लेकर आपकी प्रतिबद्धता और एकाग्रता से जुड़ा है। अगर आप किसी चीज को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं तो आप अपने लक्ष्य तक पहुंचने का रास्ता ढूंढ लोगे। मैंने भी यही किया।

सोनभद्र जिले के बहुअरा गांव के रहने वाले राम बाबू के पिता खेतिहर मजूदर के रूप में काम करते हैं और हर महीने तीन से साढे. तीन हजार रुपए ही कमा पाते हैं जो छह लोगों के परिवार को पालने के लिए पर्याप्त नहीं है। रामबाबू उनके एकमात्र बेटे हैं। उनकी तीन बहने हैं। उनकी मां गृहणी है और कभी कभी काम के अपने पति की मदद करती हैं।

राम बाबू ने कहा, हमारे पास कोई जमीन नहीं है और मेरे पिता एक मजदूर हैं। उनका काम मौसम से जुड़ा है। धान के मौसम के दौरान उनके पास अधिक काम होगा लेकिन अन्य महीनों में उनकी आय कम है। इसलिए अपने सपने को साकार करने के लिए मुझे ये सभी चीजें करने की जरूरत हैं। उन्होंने कहा, मैं पढ़ाई में अच्छा नहीं था और दिलचस्पी भी नहीं थी इसलिए मैं खेल में अपना करियर बनाना चाहता था।



# दो पार्ट में रिलीज होगी फिल्म 'देवरा'

**मुंबई/वार्ता**

दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर की आने वाली फिल्म 'देवरा' दो पार्ट में रिलीज होगी। 'देवरा' के निर्देशक कोरातला सिवा ने इस फिल्म की रिलीज और पार्ट्स को लेकर सोशल मीडिया पर अपडेट दिया है।कोरातला सिवा ने फिल्म देवरा के ट्विटर पेज पर एक लेटेस्ट वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में इस बात की जानकारी दी गयी है,फिल्म देवरा दो पार्ट में बनाई गई है, जिसके चलते इस फिल्म का पहला पार्ट 05 अप्रैल 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जायेगा। फिल्म 'देवरा' में सैफ अली खान और जाह्नवी कपूर की भी अहम भूमिका है।

# कैलाश मानसरोवर के लिए एक अरब हिंदू तीर्थयात्रियों को सुविधा प्रदान करना नेपाल का लक्ष्य: विदेश मंत्री सउद

**काठमांडू/भाषा**

तिब्बत स्थित कैलाश मानसरोवर तक पहुंचने के लिए हिंदू तीर्थ यात्रियों को सबसे छोटा मार्ग मुहैया कराने के मकसद से नेपाल ने एक अरब हिंदू तीर्थयात्रियों को इस पवित्र स्थान की यात्रा में मदद करने की योजना बनाई है, जो चीन के साथ एक समझौते के अमल में आने के बाद हकीकत बन सकेगा। नेपाल के विदेश मंत्री नरायण प्रकाश सउद ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के न्गारी में स्थित कैलाश मानसरोवर तीर्थ यात्रा को दुनियाभर के हिंदुओं द्वारा सबसे पवित्र यात्रा के रूप में माना जाता है। तिब्बत में मौजूद इन दो प्राकृतिक पवित्र स्थानों में बौद्ध, जैन और तिब्बत के स्थानीय बोनपा श्रद्धालु भी काफी विश्वास रखते हैं। सउद की यह महत्वकांक्षी योजना अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि दुनियाभर से भारी संख्या में हिंदू नेपाल के रास्ते कैलाश मानसरोवर यात्रा करना पसंद करते हैं।

इतना ही नहीं वे भारतीय, जो समय बचाना चाहते हैं और भारतीय क्षेत्र में आने वाली कठिन चढ़ाई से बचना चाहते हैं वे भी निजी संचालकों के माध्यम से नेपाल के रास्ते कैलाश मानसरोवर जाने का विकल्प चुनते हैं। इस वजह से यह यात्रा नेपाल सरकार के लिए एक फायदे का सौदा साबित होती है।

कोरोनावायरस महामारी की वजह से लगे लॉकडाउन के हटने के बाद चीन ने इस साल कैलाश मानसरोवर तीर्थ यात्रा को खोल दिया था। हालांकि शुल्क में भारी वृद्धि और विशेष तौर पर भारतीय श्रद्धालुओं के वीजा पर कई प्रतिबंधों की वजह से यात्रा में उम्मीद के मुताबिक लोग नहीं पहुंचे थे। तिब्बत के कई हिस्सों सहित चीन का आठ दिवसीय दौरा कर लौटे सउद ने ललितपुर जिले में भैसेंपाटी स्थित अपने आवास पर 'पीटीआई-भाषा' के साथ एक साक्षात्कार में कहा, दुनियाभर के हिंदुओं के लिए कैलाश मानसरोवर आकर्षण का एक महान केंद्र रहा है। सभी हिंदू तिब्बत में स्थित इस पवित्र स्थान तक पहुंचकर दर्शन करना चाहते हैं। नेपाल, अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को कैलाश मानसरोवर तक पहुंचने के लिए सबसे छोटे रास्ता मुहैया करा सकता है।



# फिल्म 'फुकरे 3' ने पहले सप्ताह में 60 करोड़ से अधिक की कमाई की

**मुंबई/वार्ता**

वरुण शर्मा, पुलकित सम्राट, पंकज त्रिपाठी और ऋचा चड्ढा स्टार फुकरे 3 ने पहले सप्ताह में 60 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बनी फिल्म 'फुकरे-3' 28 सितंबर को रिलीज हुयी थी।फिल्म फुकरे 3 कॉमेडी का जबरदस्त तड़का देखने को मिल रहा है।फिल्म फुकरे 3 बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है। फिल्म फुकरे 3 दर्शकों को काफी पसंद आ रही है। मृगदीप सिंह लांबा के निर्देशन में बनी फुकरे वर्ष 2013 में रिलीज हुई थी, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया था। फिल्म में पुलकित सम्राट, अली फजल, ऋचा चड्ढा, प्रिया आनंद, मंजोत सिंह, वरुण शर्मा, पंकज त्रिपाठी जैसे कई सितारे लीड रोल में थे। फुकरे के 04 साल बाद 2017 में फुकरे रिटर्न रिलीज हुई थी। अब पूरे 05 साल बाद फिल्म का तीसरा पार्ट फुकरे 3 रिलीज हुआ है।



# 'मेरा पिया घर आया 2.0' के रीमेक में नया तड़का लगाएंगी सनी लियोनी

**मुंबई/एजेन्सी**

माधुरी दीक्षित नेने की 1995 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'याराना' का सुपरहिट गाना 'मेरा पिया घर आया' के रीक्रिएटेड वर्जन में अभिनेत्री सनी लियोनी नजर आएंगी। एक सूत्र ने पहले खुलासा किया था कि सनी एक प्रसिद्ध डांस नंबर को फिर से बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रही थी, जिसे कभी माधुरी ने प्रस्तुत किया था। ट्रैक 'मेरा पिया घर आया 2.0' का टीजर गुरुवार को जारी किया गया और गाना 8 अक्टूबर को रिलीज किया जाएगा। गाने को नीति मोहन ने गाया है। कोरियोग्राफर विजय गांगुली ने इस डांस नंबर को दोबारा बनाया, जिसमें अनु मलिक के सदाबहार संगीत के साथ माधुरी के कामुक आकर्षण का मिश्रण है, जो मूल रूप से प्रसिद्ध कोरियोग्राफर सरोज खान ने कोरियोग्राफ किया था। इस ट्रैक को मूल रूप से कविता कृष्णमूर्ति ने गाया था और संगीत अनु मलिक ने दिया था।

## समारोह



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा का पटना के बापू सभागार में कैलाशपति मिश्र के जन्म शताब्दी समारोह में बिहार प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, विपक्ष के नेता विजय सिन्हा और अन्य के साथ।

# आलिया भट्ट ने फिल्म 'जिगरा' की शूटिंग शुरू की

**मुंबई/वार्ता**

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपनी आने वाली फिल्म 'जिगरा' की शूटिंग शुरू कर दी है। करण जौहर के प्रोडक्शल हाउस धर्मा प्रोडक्शंस के तले फिल्म जिगरा बनायी जा रही है।फिल्म जिगरा का निर्देशन वासन बाला कर रहे हैं।

आलिया इस फिल्म से बतौर सह-निर्माता भी जुड़ी हैं। आलिया ने फिल्म जिगरा की शूटिंग शुरू कर दी है।आलिया भट्ट ने फिल्म जिगरा के सेट से तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की हैं।शूटिंग से तस्वीरें साझा करते हुए, आलिया भट्ट ने लिखा, और हम आगे बढ़ रहे हैं। हमारे जिगरा को जीवंत करने का पहला दिन... देखते रहिए क्योंकि हम आपके लिए अपने दिल का एक टुकड़ा लेकर आ रहे हैं... आगे के सफर के लिए फिंगर्स क्रॉस्ड...लव टीम जिगरा।' जिगरा 27 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# 'सुल्तान ऑफ दिल्ली' में मैंने डार्क साइड को अपनाया : अनुप्रिया गोयनका

**मुंबई/एजेन्सी**



आगामी पावर-पैक सीरीज 'सुल्तान ऑफ दिल्ली' में नजर आने वाली अभिनेत्री अनुप्रिया गोयनका ने बताया कि कैसे उन्होंने अपने किरदार शंकरी देवी के डार्क साइड को स्वीकार किया और उसे अपनाया। अभिनेत्री अनुप्रिया गोयनका ने बताया कि आज के युग में एक प्रतिपक्षी की भूमिका निभाना चुनौतीपूर्ण है। एक बार जब कोई व्यक्ति अपने चरित्र से जुड़ी भावनाओं और पिछली कहानी को समझ लेता है तो उसे अपने चरित्र से सहानुभूति होने लगती है। सीरीज में अपने चरित्र के बारे में बात करते हुए, अनुप्रिया ने कहा, शंकरी मेरे द्वारा अब तक निभाए गए सबसे दिलचस्प पात्रों में से एक है। पहली नजर में, वह एक पूरी तरह से नकारात्मक चरित्र के रूप में सामने आती है, जिसके कुछ गुप्त उद्देश्य हैं, और वह अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिए किसी का भी उपयोग कर सकती है, लेकिन उसका कमजोर पक्ष दर्शकों के लिए अज्ञात है। उन्होंने कहा, समय के साथ मैंने उसके डार्क साइड को अपनाना सीख लिया क्योंकि वह एक सीमा के बाद किसी भी चीज को उचित ठहराए बिना जीवन से निपटती है। अनुप्रिया को 'टाइगर जिंदा है', 'पद्मावत', 'वॉर', 'क्रिमिनल जस्टिस', 'आश्रम' समेत कई अन्य फिल्मों में उनके काम के लिए जाना जाता है। अर्नब रे की किताब 'सुल्तान ऑफ दिल्ली: असेंशन' पर आधारित यह सीरीज रिलायंस एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित और मिलन लुथरिया द्वारा निर्देशित और सुपर्ण वर्मा द्वारा सह-निर्देशित और सह-लिखित है। सीरीज में ताहिर राज भसीन, अंजुम शर्मा, विनय पाठक, निशांत दहिया और अनुप्रिया गोयनका, मौनी रॉय, हरलीन सेठी और मेहरीन पीरजादा जैसे कलाकार हैं, जो एक आदर्श कलाकारों की टोली बनाते हैं। 'सुल्तान ऑफ दिल्ली' 13 अक्टूबर को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# 9 साल पुराना झगड़ा खत्म करते हुए सलमान खान के घर पहुंचे अरिजीत सिंह

**मुंबई/एजेन्सी**

हाल ही में गायक अरिजीत सिंह को मुंबई के बांद्रा इलाके में बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट के परिसर में देखा गया। गायक को एमपीवी में बैठकर सलमान के घर जाते हुए देखा गया। सलमान के एक फैन ने यह वीडियो एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर शेयर किया। लगभग एक दशक पहले एक पुरस्कार समारोह में गायक और अभिनेता के बीच झगड़ा हो गया था, उस पुरस्कार समारोह के होस्ट सलमान खान थे।



अरिजीत ने 'आशिकी 2' एल्बम में अपनी आवाज के लिए सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायक का पुरस्कार जीता था। समारोह में सर्वश्रेष्ठ गायक की घोषणा हुई, लेकिन, अरिजीत मंच पर देर से पहुंचे और सलमान ने उनका मजाक उड़ाया, जिस पर अरिजीत ने लापरवाही से जवाब दिया, सर, आप लोग इतनी देर कर देते हैं। यह 'तेरे नाम' अभिनेता को पसंद नहीं आया और तभी दोनों के बीच रिश्ते खराब हो गए। इसके बाद अरिजीत ने सलमान से कई बार टेक्स्ट करके माफी मांगी क्योंकि उनकी दो फिल्में चली गई थीं। उन्हें 'बजरंगी भाईजान' में मौका नहीं दिया गया। सुल्तान में उनके 'जग घूमेया' संस्करण को राहत फतेह अली खान को दे दिया गया। बाद में अरिजीत ने 2016 में फेसबुक पर सलमान से रिश्ता सुधारने के लिए सार्वजनिक माफी मांगी, लेकिन जल्द ही इसे हटा लिया और तब से वह चुप हैं। अरिजीत शायद हिंदी फिल्म उद्योग के एकमात्र कलाकार हैं, जिनके सलमान के साथ अच्छे संबंध नहीं होने के बावजूद उनके करियर को कोई नुकसान नहीं हुआ। अरिजीत को सलमान के घर पर देखे जाने से ऐसा लगता है कि दोनों ने नौ साल बाद झगड़े को खत्म कर लिया है। संगीतकार प्रीतम चक्रवर्ती की मध्यस्थता में एक सहयोग की संभावना है, जो सलमान की अगली फिल्म 'टाइगर 3' के लिए संगीत तैयार कर रहे हैं।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

आलस्य हमारे जीवन का सबसे बड़ा शत्रु है जो हमें अंदर ही अंदर मारता है। हर आलसी मनुष्य चाहता है कि उसको अन्य लोगों के मुकाबले ज्यादा सफलता मिले परन्तु आलसी मनुष्य को सफलता कभी भी नही मिलती है। इसका कारण यह है कि आलसी लोग हमेशा आलस्य भरी जिंदगी जीते हैं जिसके कारण वह दूसरे लोगों से पीछे रहते हैं और किसी महापुरुष ने भी कहा है कि पीछे रहने वाले लोग उतना ही ले पाते हैं जितना उनसे आगे रहने वाले लोग उनके लिए छोड़ जाते हैं। इस पंक्ति में आगे रहने वाले लोगों का मतलब है वो लोग जो आलस्य से कोसों दूर रहते हैं और जो लोग मेहनत और परिश्रम करके अपनी मंजिल तक पहुँचने का मार्ग स्वयं बनाते हैं।





## कोंगुनाडु आर्ट्स एंड साइंस कॉलेज में विश्व अंतरिक्ष सप्ताह समारोह मनाया गया

# 'अंतरिक्ष विज्ञान से होगा पूरी मानवता को लाभ'

## 'भारत को ज्यादा अंतरिक्ष उद्यमियों की जरूरत'



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयंबटूर। विश्व अंतरिक्ष सप्ताह समारोह 2023 गुरुवार सुबह कोंगुनाडु आर्ट्स एंड साइंस कॉलेज में आयोजित किया गया। इस अवसर पर एमएके कंट्रोल्स एंड सिस्टम प्रा.लि. के संस्थापक एवं अध्यक्ष थिरु अथप्पा मनिकम मुख्य अतिथि थे। उन्होंने उद्घाटन भाषण दिया। समारोह की अध्यक्षता कॉलेज सचिव एवं निदेशक डॉ. सीए वासुकी ने की। उप महाप्रबंधक, सेफ्टी, एसडीएससी एसएचएआर, इसरो, श्रीहरिकोटा, अध्यक्ष, डब्ल्यूएसडब्ल्यू 2023 कोयंबटूर टी सुब्बानांथन ने विशेष भाषण दिया। उपनिदेशक, आरओ, एसडीएससी, एसएचएआर, इसरो श्रीहरिकोटा जी ग्रहदुरई विशिष्ट अतिथि थे। उन्होंने मुख्य भाषण दिया। प्राचार्य डॉ. एम लेकेशमनस्वामी ने स्वागत भाषण दिया।

टी सुब्बानांथन ने चंद्रयान-3 और आदित्य-एल1 के सफल प्रक्षेपण का उल्लेख करते हुए बताया कि इसरो की गतिविधियां अङ्गहम मुकाम तक पहुंच गई हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि मानवता की सेवा में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी इसरो की टैगलाइन है। भारत सरकार का दृष्टिकोण और उद्देश्य अंतरिक्ष गतिविधियों के बारे में ज्ञान पहुंचाना और युवाओं को प्रेरित करना है। उन्होंने उद्यमियों के महत्त्व और उसकी तैयारी पर भी जोर दिया।

विशेष संबोधन के बाद मुख्य अतिथि थिरु अथप्पा मनिकम द्वारा अंतरिक्ष और उद्यमिता विषय पर डब्ल्यूएसडब्ल्यू 2023 का टीज़र वीडियो जारी किया गया।

डॉ. सीए वासुकी ने 5 से 7 अक्टूबर तक विश्व अंतरिक्ष सप्ताह (डब्ल्यूएसडब्ल्यू) मनाने के लिए कॉलेज को चुनने के वास्ते भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का स्वागत किया और धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इसरो में महिला सदस्य संपूर्ण नारी समाज के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने गणितज्ञ और खगोलशास्त्री लगधा, तमिल संत और कवि मणिक्कवसागर, तमिल लेखक और कवि सुब्रमण्यम भारती का उल्लेख किया, जिन्हें अंतरिक्ष और आकाशगंगा के बारे में व्यापक ज्ञान था।

उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं में अंतरिक्ष और उद्यमिता में जागृति पैदा करने के लिए है। यह बताते हुए खुशी हो रही थी कि केएएससी के कई पूर्व विद्यार्थी इसरो में काम कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अंतरिक्ष उद्यमी और नवप्रवर्तक बनने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि साल 2019 में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के लिए केवल 11 स्टार्टअप थे, लेकिन 2022 में लगभग 47 स्टार्टअप हो गए। उन्होंने कहा कि कोयंबटूर नवाचार और उद्यमिता का स्थान है। यहां के लोग अपनी कड़ी मेहनत के लिए जाने जाते हैं।

जी ग्रहदुरई ने कहा कि इस साल विश्व अंतरिक्ष सप्ताह आठ अलग-अलग स्थानों पर मनाया जा रहा है। अंतरिक्ष विज्ञान हमें एकजुट करेगा और पूरी मानवता को लाभान्वित करेगा। उन्होंने बताया कि केवल 11 देश अंतरिक्ष में बहुत योगदान दे रहे हैं। भारत, पृथ्वी की कक्षा से पांच उपग्रह लॉन्च करने वाला एकमात्र देश है। भारत को ज्यादा अंतरिक्ष उद्यमियों की जरूरत है। अंतरिक्ष विज्ञान से पूरी मानवता को लाभ होगा।

थिरु अथप्पा मनिकम ने कहा कि इंजीनियरिंग की डिग्री पूरी करने के बाद उन्हें नासा में नौकरी की पेशकश की गई थी, लेकिन उनका इरादा भारत में ही सेवा करने का था। इसके परिणामस्वरूप उन्होंने अपनी कंपनी शुरू की और एमएके कंट्रोल्स एंड सिस्टम्स का जन्म हुआ।

उन्होंने युवाओं को भारत माता की सेवा के लिए काम करने की सलाह दी। इसके बाद डब्ल्यूएसडब्ल्यू 2023 ब्रोशर का विमोचन किया गया। फिर कॉलेज और इसरो टीम द्वारा गणमान्य जन को स्मृति चिह्न और शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। डॉ. आर सरवनमूर्ति ने धन्यवाद दिया। इसरो की अंतरिक्ष प्रदर्शनी का उद्घाटन कॉलेज के इनडोर स्टेडियम में थिरु अथप्पा मनिकम ने किया। यहां विद्यार्थियों ने रंग भरने, ड्रॉइंग और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

# आलस्य व्यक्ति के सौभाग्य को अपशकुन में बदल देता है : देवेंद्रसागरसूरि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। यहां श्री सुमति वल्लभ नोर्थटाउन श्वेतांबर मूर्तिपूजक जैन संघ में धर्म प्रवचन देते हुए आचार्य श्री देवेंद्रसागरसूरिजी ने कहा कि आलस्य हमारे जीवन का सबसे बड़ा शत्रु है जो हमें अंदर ही अंदर मारता है। हर आलसी मनुष्य चाहता है कि उसको अन्य लोगों के मुकाबले ज्यादा सफलता मिले परन्तु आलसी मनुष्य को सफलता कभी भी नही मिलती है। इसका कारण यह है कि आलसी लोग हमेशा आलस्य भरी जिंदगी जीते हैं जिसके कारण वह दूसरे लोगों से पीछे रहते हैं और किसी महापुरुष ने भी कहा है कि पीछे रहने वाले लोग उतना ही ले पाते हैं जितना उनसे आगे रहने वाले लोग उनके लिए छोड़ जाते हैं। इस पंक्ति में आगे रहने वाले लोगों का मतलब है वो लोग जो आलस्य से कोसों दूर रहते हैं और जो लोग मेहनत और परिश्रम करके अपनी मंज़िल तक पहुँचने का मार्ग स्वयं बनाते हैं। आलसी होने के कारण मनुष्य को किसी काम में रुचि नही रहती, सवेरे उठा नही जाता, हमेशा सोने का मन करता है, जिसके कारण वह अपना बहुमूल्य समय नष्ट कर देता है। मुझे तो ऐसा लगता है कि अगर किसी कारण किसी आलसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाय तो उसकी आत्मा को स्वर्ग ले जाने के लिए भी एक वाहन भेजना पड़ेगा।

नीति विशेषज्ञ कहते हैं कि जिस तरह अनपढ़ को पैसा नहीं मिलता और गरीब को दोस्त नहीं मिलते उसी तरह आलसी को शिक्षा नहीं मिलती। किसी भी प्रकार के गुण या ज्ञान को प्राप्त करने के लिए आलस्य को त्याग कर कठिन परिश्रम और तपस्या करनी पड़ती है।आलस्य के कारण मनुष्य प्राय: अपनी विश्वसनीयता खो देता है क्योंकि आलस्य के कारण वह अपने वचनों को समय पर पूरा नहीं कर पाता। लोग उस पर भरोसा करना बंद कर देते हैं क्योंकि उसकी कथनी और करनी एक जैसी नहीं होती। आलस्य दुर्गुणों को जन्म देता है जो व्यक्ति के सौभाग्य को अपशकुन में बदल देता है। यदि आप अपने हाथ, पैर और दिमाग का उपयोग नहीं करते हैं और आलस्य में लिप्त रहते हैं, तो आप निश्चित रूप से उस जीवन का अपमान कर रहे हैं जो प्रकृति ने आपको दिया है। अंत में आचार्य श्री ने कहा कि अगर कोई आलसी व्यक्ति इस आलस के कुए से बाहर निकलना चाहता है तो उसको अपने अंदर अपने लक्ष्य के प्रति आग जलानी पड़ेगी और मेहनत करनी पड़ेगी क्योंकि मेहनती व्यक्ति को उसके कर्मों का फल भविष्य में मिलता है लेकिन आलसी व्यक्ति को उसके कर्मों का फल कभी नही मिलता।



# युवाचार्य के जन्मदिवस पर प्रारंभ हुआ शैक्षणिक प्रतियोगिता सत्रों का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयम्बटूर। श्रमण संघीय वर्तमान युवाचर्य प्रज्ञा महर्षि परम पूज्य श्री महेंद्र ऋषिजी.म.सा के 57वें जन्मजयंती पर श्री वर्धमान जैन सेवा संघ(कोयंबतर)ने समारोह का आयोजन किया ।स्थानीय सीरप्पाल्यम स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में आयोजित संघ के समारोह की अध्यक्षता संरक्षक ज्ञानचंद खारीवाल ने किया। कार्यक्रम कासंचालन सेवा संघ के कोषाध्यक्ष विकास सुराना ने किया।

वर्धमान जैन सेवा संघ(कोयंबटूर)के संस्थापक राजेश कुमार गादिया ने संघ का वक्तव्य रखते हुए कहा की श्रमण संघ के भावी अनुशास्ता व वर्तमान युवाचार्य श्री महेंद्र ऋषि जी. म.सा ने देश भर में विहार कर नगर नगर गांव गांव में श्रद्धालुओं में एक अलख जगाई है और संघ के एकता और विकास के कार्यों को गति दी है, श्री वर्धमान जैन सेवा संघ (कोयंबतूर) द्वारा पूज्यवर के पावन जन्मोत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए संघ ने वर्ष भर चलने वाले अनेक प्रतियोगिताओं व योजनाओं का आगाज किया है, इस प्रकल्प से सेवा संघ विद्यार्थियों के सफल शैक्षणिक यात्रा का शुभारंभ किया है जिससे बालक बालिकाओं का चहुंमुखीं विकास सम्भव हो सके। समारोह के पश्चात संघ द्वारा अन्नदान का आयोजन किया गया व सभी उपस्थित विद्यार्थियों को मिठायां वितरित की गई। संघ के विक्रम जैन ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



# युवाचार्य महेन्द्रऋषि जिनशासन के कोहिनूर हीरे हैं : साध्वी चैतन्यश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। पुरुषवाक्कम के एएमकेएम में विराजित साध्वीश्री चैतन्यश्री जी म.सा. ने बताया कि महेंद्र ऋषिजी महाराज जिनशासन के कोहिनूर हीरे हैं। चाकण निवासी भटेवरा परिवार से 11 वर्ष की उम्र में दीक्षा ली। संस्कृत प्राकृत का खजाना और ज्ञान की गहराई और गंभीरता जिन्होंने आचार्य आनंद ऋषिजी महाराज से प्राप्त किया था। जिन्हें आचार्य शिवमुनीजी ने युवाचार्य बनाया। ऐसे युवाचार्य को दीर्घायु चिरायु स्वस्थता की प्राप्ति हो।

गुरुदेव श्रुत मुनिजी का जन्म 1981 में महाराष्ट्र के सेलू गांव में हुआ। सुभाषचंदजी लोढ़ा जिनके पिता एवं कंचन देवी माता थी। बचपन में तबीयत खराब हुई सारे इलाज कर लिए परंतु वह ठीक नहीं हुए। गांव में गुरूवर्या पूज्य प्रकाश कंवरजी महाराज पूज्य सुशील कंवरजी आदि 3 ठाणा का आगमन हुआ।

गुरूवर्या ने कहा महावीर (श्रुत मुनि) जालना में गुरुदेव की पावन ऊर्जा का स्पर्श करो। महावीर गए बरसों की पीड़ा शांत हो गई और गुरुदेव के धाम पर संकल्प किया मेरी वेदना शांत हो जाए तो मैं संयम धारण करूं। कसौटी की घड़ी थी लेकिन महावीर खरे उतरे। गुरुनीसा ने एक संत का निर्माण करने के लिए अपनी कठोर अनुशासन की चाबुक लगाई। दो-दो घंटे धूप में खड़े रहे ज्ञान आराधना कमजोर थी परंतु समर्पण त्याग का एहसास कर आप आगे बढ़े। आपको पूज्य गुरूवर्या प्रभाकंवरजी महाराज से संयम एवं रजोहरण प्राप्त हुआ। तब संतों की नींव को मजबूत करने में बड़ा हाथ पूज्य गुरूवर्या का था। आज आप श्री की 11 से 12 शिष्यायें हैं, तीन शिष्य है। आप श्री के हाथों से पांच आत्माएं दीक्षित है। जिनकी संयम पर्याय 22 वर्ष है उम्र 45 वर्ष है आपके दीर्घायु की हम प्रभु से प्रार्थना करते हैं।

आज की धर्म सभा में महाराष्ट्र, कर्नाटक और तमिलनाडु के कई स्थानों से दर्शनार्थी पहुंचे। यह जानकारी पुरुषवाक्कम संघ के अध्यक्ष विनयचंद पावेचा ने दी।



# 'गुरु के संयोग बिना प्रभु की भक्ति का योग नहीं बनता है'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के शांतिनाथ श्वेतांबर मूर्तिपूजक जैन संघ एलएन पुरम, श्रीरामपुरम में विराजित मुनिश्री राजपद्मसागरजी व श्रमणपद्मसागरजी के सान्निध्य में नवान्हिका महामहोत्सव के छठे दिन में श्री उवसग्गहरं महापूजन हुआ। इस मौके पर मुनिश्री ने कहा कि

गुरु के संयोग बिना प्रभु की भक्ति का योग नहीं बनता है । महाचमत्कारी, महाप्रभावशाली यह स्तोत्र के प्रभाव से रोग-शोक सब दूर हो जाते है, इस स्तोत्र के रचयिता श्रुतकेवली महान शासन प्रभावक आचार्यदेव श्री भद्रबाहुस्वामीजी महाराज है। इस स्तोत्र का पाठ करने से मानसिक बीमारी भी दूर होती है। इस स्तोत्र में 23वें तीर्थकर श्रीपार्श्वनाथ परमात्मा की स्तुति की गई है। परमात्मा का स्मरण करने से सभी संकट नष्ट हो जाते हैं। मुनि श्री श्रमणपद्मसागरजी के जन्मदिन निमित्त संघ ने देव-गुरु की भक्ति एवं सामायिक का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# जाप में शुभभाव से जुड़ना जरूरी है : आचार्य उदयप्रभ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। किलपॉक श्वेताम्बर मूर्तिपूजक जैन संघ में विराजित योगनिष्ठ आचार्य केशरसूरी समुदाय के वर्तमान गच्छाधिपति आचार्यश्री उदयप्रभ सूरीश्वरजी ने प्रवचन में कहा कि पानी बरसने के अनेक कारण हैं जैसे कि वनस्पतिकाय भी बारिश के पानी को आकर्षित करता है। जहां जलयोनि नहीं होती है, वहां बादल बिना बरसे चले जाते हैं। वहां कोई सहयोग करने वाला नहीं है। वायु को जलयोनि कहा गया है। ज्ञानियों ने विज्ञान और धर्म की तुलना करने की कोशिश की है। जीव और पुद्गल मिलकर पानी का रूप बनते हैं। हमारा शरीर आत्मा के साथ जुड़ा हुआ है, इसलिए इसे चेतन कहते हैं। वैसे ही पानी के जीव पुद्गल और जीव दोनों मिलकर बनते हैं। उन्होंने कहा जहां क्षेत्रपाल प्रसन्न रहते हैं, वहां बारिश अच्छी होती है। जहां पर बारिश के बादल का वायुकाय को स्थिर करने का काम होता हैं, वहां पानी ज्यादा बरसता है।

आचार्यश्री ने आगे कहा देवलोक के देव मानवलोक में नहीं आने के कई कारण है। जैसे कि देवलोक में खुशनुमा वातावरण होता है और मानव लोग की मलिनता और दुर्गंध उनको रास नहीं आती। देवलोक का अपना विशेष आकर्षण होता है। इसके अलावा देव को बुलाने की अपना पुण्य और शक्ति अपने पास कम है। उन्होंने कहा जाप करने के दो प्रकार होते हैं। पहला प्राण चेतना से जुड़कर और दूसरा मंत्र देवता के चैतन्य को जोड़कर जाप करना। चार धर्म दान, शील, तप और भाव में सबसे सरल भाव धर्म है। अलबत्ता जो सबसे सरल है, वही सबसे कठिन है। आत्मा से जुड़ने के लिए जाप में शुभभाव से जुड़ना पड़ेगा। जगत में शक्ति सबके पास है लेकिन अविवेक के कारण शक्ति का सही उपयोग नहीं कर पाते। यदि हम एकाग्रता और शुभभाव से नवकार मंत्र का जाप करें तो कुछ भव में मोक्ष हो जाएगा। पुण्य 1प्रतिशत होगा तो चलेगा, लेकिन पुरुषार्थ 99 प्रतिशत चाहिए। प्रमाद को लॉकडाउन करने का सबसे श्रेष्ठ साधन है सामायिक। उन्होंने कहा प्राप्ति करने की चिंता मत करो, प्रयास करते रहो। प्राप्ति महत्वपूर्ण नहीं है, प्रयास महत्वपूर्ण है। नारकी में तीन दृष्टि के जीव होते हैं, सम्यकदृष्टि वाले, मिथ्यात्वी दृष्टि वाले और मिश्र दृष्टि वाले। सबसे श्रेष्ठ सम्यकदृष्टि वाले जीव होते हैं। वर्तमान में मानव जीवन में भी ये तीन तरह के जीव मिलेंगे। उन्होंने कहा जगत में असत्य को पहचानना उतना ही जरूरी है, जितना सत्य को।



# पुरुषार्थ कर यशकीति बढ़ाई जा सकती है : साध्वी धर्मप्रभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। संसार में रहकर भी पुरूषार्थ और यश अर्जित नहीं किया वह व्यक्ति मरे हुए के समान है। गुरूवार को जैन भवन के मरूधर केसरी दरबार मे महासती धर्मप्रभा ने कहा कि पुरूषार्थी व्यक्ति ही जीवन में यश अर्जित करता है। वह स्वयं को ही नहीं अपितु अपने परिवार,समाज अथवा देश को गौरवान्वित करता है। भाग्य के भरोसे बैठे रहने से जीवन में सफलता प्राप्त नहीं होती है,और न ही वो अपने भाग्य को बदल सकता है। समय बड़ा अनमोल है एक बार हाथ से निकल गया तो दुबारा से समय को नहीं पकड़ सकते है। अंत समय में सिर्फ पश्चाताप के अलावा कुछ नहीं बचने वाला है। इन सांसों के थम ने और इस शरीर को छोड़कर जाने पहले व्यक्ति चैत जाता है और पुरूषार्थ पुण्य का संचय कर लेता है। तो वह संसार में अपनी यशकीर्ति को बढ़ा सकता है और अपनी आत्मा को सद्गति दिला सकता है। इस दौरान साध्वी धर्मप्रभाजी एवं साध्वी स्नेहप्रभाजी ने श्रमण संघ युवाचार्य महेन्द्र ऋषि जी महाराज के जन्म दिवस पर भजन के माध्यम से गुणागान किये।

# आत्मा सर्वशक्तिमान और वही हमारी मित्र और शत्रु है : साध्वी अनुज्ञाश्री

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ अक्कीपेट के तत्वावधान में स्थानक में विराजित साध्वी डॉ प्रतिभाश्रीजी म. सा. के सान्निध्य में पुच्छीसुणं का संपुट्ट जाप का आयोजन चल रहा है। गुरुवार को महासती ने पंद्रहवीं गाथा का संपृष्ट जाप किया गया। जाप के बाद में गाथा का विवेचन करते हुए साध्वी अनुज्ञाश्रीजी ने कहा कि जैसे पर्वतों में निषध पर्वत श्रेष्ठ है तथा वर्तुल पर्वतों में रुचक पर्वत उत्तम है वैसे ही इस संसार में परमात्मा श्रेष्ठ पुरुष थे। निषध अर्थात स्थिर। स्थिरता एक श्रेष्ठ गुण है। जो चंचल प्रवृत्ति वाले होते हैं वे किसी भी क्षेत्र में श्रेष्ठता सिद्ध नहीं कर सकते हैं। जिनका चित्त स्थिर होता है वह व्यक्ति अपने लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त कर सकता है। परमात्मा जब ध्यान में बैठते थे तो एक आसन में स्थिर हो जाते थे। भारतवर्ष में दो संस्कृतियों सर्वाधिक प्राचीन है।

श्रमण संस्कृति और वैदिक संस्कृति। 'अप्पा सो परमप्पा' अर्थात आत्मा ही परमात्मा है। आत्मा कामधेनु के समान है। आत्मा ही अपना मित्र और शत्रु है। यह आत्मा सर्वशक्तिमान है। महावीर प्रेम के महाधन थे। उनकी दया करुणा की वर्षा में मनुष्य, देवता, पशु पक्षी ही नहीं, प्राणी मात्र सभी उपकृत हो जाते थे। प्रभु परमात्मा का जीवन सर्वश्रेष्ठ था। परमात्मा की दृष्टि विराट चेतनायुक्त थी। साध्वी ऋषिताश्रीजी ने चातुर्मास संबंधी सूचनाएं प्रदान की।

पुच्छिस्सुणं जाप के लाभार्थी दीपचंद सुनीलकुमार लुंकड़ परिवार एवं सरस्वतीदेवी मांगीलाल श्रीश्रीमाल परिवार थे। उपाध्यायश्री पुष्करमुनिजी म. सा. की जयंती के उपलक्ष में अष्टदिवसीय कार्यक्रम के तहत गुरुवार को चंदनबाला महिला मंडल द्वारा अन्नदानम का कार्यक्रम रखा गया जिसमें करीब 200 जरूरतमंद लोगों को भोजन करवाया गया।

अन्नदान के लाभार्थी भंवरलाल पंकजकुमार मोदी परिवार थे। सहमंत्री कल्याण श्रीश्रीमाल ने संचालन किया।

# ईडी ने कर्नाटक में डीसीसी बैंक के अध्यक्ष, कांग्रेस नेता के आवासों पर छापेमारी की

शिवमोग्गा। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिवमोग्गा डीसीसी बैंक के अध्यक्ष और कांग्रेस नेता आरएम मंजूनाथ गौड़ा के आवास और फार्म हाउस पर छापेमारी की। सूत्रों ने बताया, 'वर्ष 2014 में सामने आए नकली सोना गिरवी रखने के मामले में शिवमोग्गा और तीर्थहल्ली में मंजूनाथ गौड़ा के आवासों पर छापेमारी की गई।' तीर्थहल्ली में उनके दो घरों और शिवमोग्गा शहर के शरवती नगर में एक घर पर एक साथ छापेमारी की गई। 15 अधिकारियों की एक टीम छापेमारी कर रही है। सशस्त्र पुलिसकर्मी परिसर की सुरक्षा कर रहे हैं।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.